दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 300
कोटद्वार शुक्रवार
10 मार्च 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## सीएम ने की पूर्णागिरी मंदिर घाटी क्षेत्र में हेलीपैड बनाने सहित एक दर्जन घोषणाएं

### मुख्यमंत्री ने किया माँ पूर्णागिरि मेले का शुभारंभ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून** : एक दिवसीय चंपावत दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को टनकपुर के ठुलीगाड़, पूर्णागिरी मार्ग में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए उत्तर भारत के प्रसिद्ध मां पूर्णागिरि मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने पूजा अर्चना कर प्रदेश में सुख, शांति एवं खुशहाली की कामना की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने समूह की महिलाओं द्वारा पूर्णागिरि धाम हेतु तैयार किए गए प्रसाद तथा प्रसाद रखने हेतु समूह की महिलाओं द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत पीरुल की टोकरी जो बनाई गई है, उसका भी शुभारंभ किया गया।

इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घोषणा करते हुए कहा कि ककराली गेट, टनकपुर से मां पूर्णागिरि धाम तक यात्रा मार्ग में विद्युत विभाग द्वारा स्ट्रीट लाइट लगाई जाएगी। मां पूर्णागिरि धाम में लगने वाले मेले व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन हेतु मंदिर समिति को अनुदान दिया जाएगा।

टनकपुर जौलजीबी मोटर मार्ग के बाटनागाड़ में पुल का निर्माण किए जाने, भैरव मंदिर में स्थाई पुलिस चौकी बनाए जाने, पूर्णागिरि क्षेत्र को इको टूरिज्म हब के रूप में विकसित किए जाने, टनकपुर शारदा नदी के तट पर कर्मशाला का निर्माण किए जाने, बनबसा में मुक्तिधाम का निर्माण किए जाने, बनबसा खटीमा सितारगंज होते हुए टनकपुर से राजस्थान खाटूश्याम के लिए बस सेवा शुरू किए जाने, चम्पावत पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग को यातायात हेतु रात्रि में भी खोले जाने, राजकीय प्राथमिक विद्यालय भजनपुर में एक फ्लोर और चार अतिरिक्त कक्ष बनाये जाने, चंपावत में साइंस सेंटर का निर्माण किए जाने, श्री पूर्णागिरी मंदिर घाटी क्षेत्र में हेलीपैड का निर्माण किये जाने एवं आदि कैलाश, ओम पर्वत की यात्रा को जाते वक्त अल्मोड़ा से एवं चम्पावत के रास्ते यात्रा को वापस लाए जाने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि आज मुझे इस पावन मेले का शुभारंभ कर मां पूर्णागिरि मैया के चरणों में शीश नवाने का सुअवसर प्राप्त हो रहा है। मां पूर्णागिरि मैया की महिमा से हम सभी भली-भांति परिचित हैं।

उन्होंने कहा कि पूर्णागिरि मेला उत्तर भारत का प्रसिद्ध मेला है जहां लाखों की संख्या में श्रद्धालु विभिन्न स्थानों से आते हैं। उन्हें प्रत्येक सुविधा मुहैया कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केदारखंड के मंदिरों को विकसित करने के साथ ही हम मानसखंड कॉरिडोर को भी विकसित करने कि दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। जिसके अंतर्गत कुमांऊ के गोलज्यू मंदिर, पाताल भुवनेश्वर, कोट भ्रामरी, देवीधुरा, कैंचीधाम, बाल सुंदरी तथा मां पूर्णागिरि मंदिर सहित अनेक मंदिरों को चिह्नित किया गया है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर "कर्तव्य पथ" में मानसखंड कॉरिडोर पर आधारित हमारी झांकी को पहली बार प्रथम पुरस्कार मिला। राज्य सरकार उत्तराखंड के पौराणिक धार्मिक स्थलों को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने के साथ-साथ विकास के ऐसे नए नए आयाम स्थापित करें जिससे उत्तराखंड का नाम पूरे देश में गूंजे।

इस मौके पर सांसद अजय टम्टा, जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति राय, भाजपा जिला अध्यक्ष निर्मल महरा, पूर्णागिरि मंदिर समिति के अध्यक्ष किशन तिवारी, भाजपा प्रदेश मंत्री हेमा जोशी, नगर पालिका अध्यक्ष टनकपुर विपिन कुमार, नगर पंचायत अध्यक्ष बनबसा रेनू अग्रवाल, जिला अधिकारी नरेंद्र भंडारी, पुलिस अधीक्षक अमित श्रीवास्तव एवं अन्य लोग मौजूद रहे।


मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी माँ पूर्णागिरि मेले का शुभारंभ करते हुए।

## तीन दुकानों में लगी आग, सामान हुआ खाक

**पौड़ी** : बुधवार की देर शाम को पौड़ी बस स्टेशन में 3 दुकानों में आग लग गई। जिससे दुकान में रखा सामान खाक हो गया। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट होना बताया जा रहा है। मौके पर पहुंची फायर पुलिस ने आग पर काबू पाया।

घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने फायर पुलिस को दी। जिस पर फायर पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

जिला अग्निशमन अधिकारी केशव दत्त तिवारी ने बताया कि घटना की सूचना प्राप्त होते ही फायर टैंकर के साथ टीम को बस स्टेशन की दुकानों पर लगी आग पर काबू करने के लिए भेजा गया। उन्होंने बताया कि दुकानें बंद थीं। जिससे शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लग गई। बताया कि आग लगने से तीन दुकानें चपेट में आ गई। जिसमें डेनटिस्ट, नाई व फल विक्रेता की दुकानें शामिल हैं। बताया कि नाई शमीम, फल विक्रेता रनजीत व डेनटिस्ट धर्म सिंह की दुकानों में आग लग गई है।

## भाई की मौत की सूचना से बड़े भाई को आया हार्ट अटैक

**हल्द्वानी।** होली पर एक साथ दो भाईयों की मौत से परिवारजनों में कोहराम मच गया।

इससे होली की खुशियां मातम में बदल गई। जानकारी के अनुसार राजपुरा के राजेंद्र नगर में रहने वाला अनिल सक्सेना रिक्शा चालक था। बताया जाता है कि घरेलू कलह के चलते वह होली के दिन उसने चुपचाप जहर खा लिया। जब परिवारजनों की नजर उस पर पड़ी तो हड़कंप मच गया। आनन-फानन में उसे एसटीएच ले गए जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार इस घटना के दौरान अनिल का बड़ा भाई अनूप उत्तर प्रदेश में था।

भाई की मौत की खबर सुनकर वह हतप्रभ रह गया। इस बीच उत्तर प्रदेश से हल्द्वानी लौटते समय उसे भी दिल का दौरा पड़ गया। जिससे उसकी भी मौत हो गई। होली पर्व पर एक साथ दो भाईयों की मौत से परिवारजनों में कोहराम मचा हुआ है। इससे होली की खुघशियां मातम में बदल गई।

### भुवनेश्वर में दिल्ली जैसी दिल दहलाने वाली घटना

## स्कूटी को दो किलोमीटर तक घसीटते ले गई कार

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** राज्य की राजधानी भुवनेश्वर में देश की राजधानी दिल्ली में कुछ दिनों पहले हुई एक दर्दनाक घटना की पुनरावृत्ति हुई है। यहां एक कार ने स्कूटी को घसीटते हुए अपने साथ करीब दो किलो मीटर तक लेकर चली गई।

हालांकि, आज राजधानी में हुई इस घटना में स्कूटी चालक महिला बाल बाल बच गई है। महिला को सामान्य चोट लगी है, जिसे कैपिटल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, महिला अपनी स्कूटी से आज सुबह भुवनेश्वर के एजी चौक से जा रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार से आई एक कार ने महिला को टक्कर मार दी। इससे महिला छिटककर नीचे गिर गई और कार, स्कूटी को घसीटते हुए रवीन्द्र मंडप तक लेकर चली गई।



एजी चौक जैसे व्यस्त चौराहे पर ऐसा नजारा देखकर स्थानीय लोगों ने कार को रोकने की कोशिश की लेकिन वह नहीं रुकी। इसके बाद यातायात कर्मियों ने वाहन का पीछा किया और रवींद्र मंडप के पास उसे रोका। यातायात पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है और उसके चालक को हिरासत में ले लिया है। हादसे में घायल महिला को इलाज के लिए कैपिटल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि कार से धक्का लगने के बाद महिला छिटककर दूर गिर गई थी, जिससे वह बाल-बाल बच गई। पुलिस मामला दर्ज कर घटना की छानबीन कर रही है।

## रेलवे की टनल के अंदर युवक की मौत पर लोगों में उबाल

**रुद्रप्रयाग।** निर्माणाधीन ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन के एडिट 7 में सुरंग के अंदर कंपनी की लापरवाही के कारण एक स्थानीय युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि यह युवक सुरंग के अंदर एक वाहन की सफाई कर रहा था कि इसी बीच विपरीत दिशा से आ रहे एक भारी वाहन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। घटना से गुस्साए लोगों ने करीब दो घंटे बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग जाम किया। इस बीच प्रदर्शनकारियों की पुलिस के तीखी नोकझोंक भी हुई। जानकारी के अनुसार गुरुवार भाणाधार रुद्रप्रयाग निवासी 37 वर्षीय सुनील गोस्वामी पुत्र बृजमोहन गोस्वामी गुलाबराय जवाड़ी बाईपास स्थित सुरंग के अंदर एक वाहन साफ कर रहा था कि इसी बीच विपरीत दिशा से आ रहे एक भारी ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि टनल के अंदर सुरक्षा के इंतजाम नहीं थे, जिस कारण इस तरह का हादसा हुआ। घटना की खबर मिलते ही स्थानीय लोग आक्रोशित होकर मौके पर पहुंच गए। करीब आधा घंटा टनल पर हंगामा और प्रदर्शन करने के बाद स्थानीय लोगों ने बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग जाम कर दिया। कंपनी के काम करने वाले वाहन चालक और मजदूर भी समर्थन में प्रदर्शनकारियों के साथ सड़क पर बैठ गए। इस दौरान हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लम्बी लाइनें लग गईं। आक्रोशित लोगों ने रेलवे की कार्यदायी संस्था मेगा कंपनी के साथ ही पुलिस और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। काफी देर तक नारेबाजी के बीच पुलिस प्रदर्शनकारियों से हाईवे खोलने का आग्रह करती रही, किंतु वह एक न माने। कई बार पुलिस ने जनता के बीच कहा सुनी हुई जबकि तीखी नोक झोंक भी हुई। इस बीच रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी, प्रशासन की ओर से एसडीएम दीपेंद्र नेगी, सीओ रुद्रप्रयाग प्रबोध घिल्डियाल, सीओ यातायात हर्षवर्द्धनी सुमन, तहसीलदार मंजू राजपूत, एसडीएम परमानंद, कोतवाल जयपाल नेगी मौके पर पहुंचे। उनके द्वारा भी प्रदर्शनकारियों से वार्ता की गई किंतु प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि जब तक रेलवे की कार्यदायी संस्थान मेगा कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर सहित प्रमुख अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचते वह तब तक जाम नहीं खोला जाएगा। काफी प्रयासों के बाद एक शिष्टमंडल द्वारा विधायक भरत सिंह चौधरी के नेतृत्व में अधिकारियों की मौजूद्गी के बीच मेगा कंपनी के अधिकारियों से वार्ता की गई। इधर शिष्टमंडल वार्ता के लिए एक होटल में गया कि इसी बीच सांय 4 बजे जाम भी खोल दिया गया। प्रदर्शन करने वालों में सभासद लक्ष्मण सिंह कप्रवाण, संतोष रावत, शैलेंद्र भारती, विकास डिमरी, राजेंद्र नौटियाल, संजू, गणेश, मुकेश नौटियाल सहित बड़ी संख्या में मेगा कंपनी में कार्यरत वाहन चालक और मजदूर शामिल थे।



## योग, भक्ति और देश भक्ति के रंग में रंगे रहें तो हर दिन होली और दिवाली : रामदेव

**हरिद्वार।** योगगुरु स्वामी रामदेव ने कहा कि कुछ लोगों की फितरत है, वो खाते हिन्दुस्तान का है, लेकिन गीत दूसरे देशों के गाते हैं। ऐसा करके ये लोग देश के अंदर अपने प्रति अस्वीकार्यता, घृणा और नफरत का भाव पैदा करते हैं। उन्होंने कहा कि समझ नहीं आता कि जिन लोगों को भारत के लोगों से वोट लेकर नेता बनना है, वह लोग ऐसा कैसे करते है? यह सोच कर ऐसे लोगों की बुद्धि पर तरस आता है। ये बातें योगगुरु रामदेव ने होली मिलन कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी को लेकर पूटे गए सवाल के जवाब में कही। पतंजलि योगपीठ के संस्थापक योगगुरु स्वामी रामदेव ने योगपीठ के संन्यासियों के साथ रंग, गुलाल और फूलों की होली खेली। हरिद्वार गंगा तट पर आयोजित कार्यक्रम में स्वामी रामदेव ने देशवासियों को होली की शुभकामनाएं दीं।

## सीएम हाउस जा रहीं वीरांगनाओं को पुलिस ने रोका, एक की तबीयत बिगड़ी



**जयपुर , एजेंसी।** पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए राजस्थान के जवानों की वीरांगनाएं जयपुर में सचिन पायलट घर के बाहर धरने पर बैठी हुई हैं।

गुरुवार को एक बार फिर इन वीरांगनाओं ने सीएम गहलोत के आवास की ओर कूच किया। इस दौरान पुलिस ने उन्हें राजभवन चौराहे पर ही रोक लिया। आगे जाने और सीएम गहलोत से मिलने की बात को लेकर पुलिस और वीरांगनाओं के बीच एक बार फिर तीखी नोकझोंक हुई।

प्रदर्शन के दौरान शहीद की वीरांगना सुंदरी देवी की तबीयत बिगड़ गई, सूचना पर 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची, लेकिन सुंदरी देवी ने अस्पताल जाने और इलाज कराने से मना कर दिया। इसके बाद वीरांगनाएं एक बार फिर पायलट के घर के बाहर आकर धरने पर बैठ गईं। सीएम गहलोत से मुलाकात नहीं होने और अपनी मांगों को लेकर वीरांगनाओं ने कहा कि अगर हमें कुछ भी हो गया तो सरकार को बड़ी मुश्किल में आ जाएगी।

इधर, सीएम अशोक गहलोत के वीरांगानाओं के रिश्तेदारों को नौकरी नहीं देने की बात को लेकर उन्होंने कहा कि हमारे लोग शहीद हुए हैं, तो नौकरी हम जिसे चाहें उसे मिलनी चाहिए, सीएम गहलोत नौकरी क्यों नहीं दे रहे हैं। वीरांगनाओं के साथ धरने पर बैठे भाजपा सांसद किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ना तो कांग्रेस अध्यक्ष की सुन रहे हैं और ना ही रक्षामंत्री की बात सुन रहे हैं।

## उदयपुर के मेनार में बारूद की होली, तोपों से दागे गए गोले, बंदूकों से रात ढाई बजे तक होती रही फायरिंग

**उदयपुर।** देश में होली के विविध रंग देखने को मिलते हैं, लेकिन उदयपुर जिले की मेनार की होली बेहद खास है, जहां बारूद की होली खेली गई। सिर पर पगड़ी पहने ग्रामीणों ने तोप से गोले छोड़कर इसकी शुरूआत की और करीब तीन घंटे तक समूचा मेनार बंदूकों से की गई फायरिंग से गूंजाता रहा। माहौल था जमरा बीज पर मेनार गांव में मनाई जा रही बारूद की होली का। जहां बुधवार रात 11 बजे से ढाई बजे तक बारूद की होली खेली गई। दोनों हाथों में तलवार लेकर युद्ध कौशल का प्रदर्शन भी यहां देखने को मिला। योद्धा की तरह सजे ग्रामीणों ने तोप से गोले दागकर इसकी शुरूआत की और तीन घंटों के दौरान दो दर्जन से अधिक गोले तोपों से दागे गए।

बारूद की होली खेलने वालों में मेनार और आसपास रहने वाले गांवों के 17 से 70 वर्ष तक के लोग शामिल थे। हालांकि इससे छोटी उम्र के किशोरों को भी अपना कौशल दिखाने का अवसर मिला। गांव के तीन हजार से अधिक लोगों ने बारूद की होली में सीधे तौर पर भाग लिया, वहीं आसपास के गांवों तथा उदयपुर से इस खास होली को देखने लगभग दस हजार लोग भी वहां पहुंचे थे।



बारूद की होली के लिए गांव के चौक को पहले अच्छी तरह सजाया गया तथा वहां पांच तोपें लगाई गई थी। हर सात मिनट में तोपों से गोले दागे गए, जबकि गांव के दो हजार से अधिक लोग बंदूकें लेकर आए और जमकर फायरिंग की। इनसे निकले धमाकों की गूंज मेनार ही नहीं, आसपास दस किलोमीटर के इलाके में गूंजती रही।

मेनार में बारूद की होली की तैयारी होली पर्व से ही शुरू हो जाती है। बुधवार दोपहर दो बजे से शहर के होली चौक में ढोल बजने लगे और यह गुरुवार सुबह चार बजे तक बजते रहे। इस दौरान मेनार के लोगों ने दोनों हाथों में तलवार और लाठियां लेकर नृत्य भी किया। होली पर्व पर गांव में जमकर आतिशबाजी भी की गई। बताया जाता है कि महज चार घंटों में ग्रामीणों ने एक करोड़ रुपए से अधिक की आतिशबाजी की।

मेनार में बारूद की होली की परम्परा पिछले चार सौ सालों से चलर आ रही है। यहां रावत और मीणा समाज के लोग सेनापति की भूमिका निभाते हैं, जबकि तेली समाज के लोग मशालों में तेल भरने का काम करते हैं। जैन समाज भी होली पर्व को धूमधाम से मनाने में सहयोग करता है। कई क्विंटल गुलाल का इंतजाम जैन समाज ने ही किया तथा होली चौक में रखवाया। जिस तरह यहां के वीर यौद्धाओं तथा रणबांकुरों ने मुगलों पर जीत हांसिल की, उसी की रस्म के तहत सेनापति और उनकी सेना लगातार आगे बढ़कर उसी परम्परा को निभाती आती है। ढोली समाज का परिवार बहुचर माता घाटी पर लोगों को महाराणा अमर सिंह प्रथम के 400 साल पुराने इतिहास को पढ़कर सुनाता है।

मेनार गांव में मनाए जाने वाली बारूद की होली देखने देशी पर्यटक ही नहीं आते बल्कि विदेशी पर्यटक भी बड़ी संख्या में यहां आते हैं। इस बार लंदन से नारायण गदावत, ओमान से ओंकारलाल मेरावत, दुबई से मनोहर मेरावत व ओमप्रकाश दियावत, अमेरिका से नंदलाल चित्तौड़ा, मस्कट से शांतिलाल मेरावत और बेल्जियम से कमलेश एकलिंगासोत भी मेनार में बारूद की होली देखने आए, जबकि सभी उन देशों में रहकर कारोबार करते हैं।

मुगलों से युद्ध में विजय की खुशी में जश्न मनाने के लिए हर साल गांववासी बारूद की होली खेलते हैं।

## केजरीवाल सरकार को मिले दो नए मंत्री, सौरभ भारद्वाज और आतिशी ने ली शपथ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार में आम आदमी पार्टी के विधायक सौरभ भारद्वाज ने मंत्री पद की शपथ ली। सौरभ के साथ-साथ आतिशी ने भी मंत्री पद की शपथ ग्रहण की। उपराज्यपाल वीके सक्सेना की मौजूद्गी में दोनों मंत्रियों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। दोनों नए मंत्रियों के शपथ ग्रहण के साथ ही विभागों के बंटवारे भी कर दिए गए हैं। आतिशी अब से शिक्षा, लोक निर्माण, बिजली और पर्यटन विभाग को संभालेंगी, वहीं सौरभ भारद्वाज को स्वास्थ्य, पानी और उद्योग विभाग का जिम्मा सौंपा गया है।सौरभ भारद्वाज लगातार तीसरी बार ग्रेटर कैलाश से विधायक बने हैं। पहली बार 49 दिन की केजरीवाल सरकार में उन्हें मंत्री भी बनाया गया था, लेकिन दूसरी बार सरकार की जगह संगठन में लगाया गया। इस बीच वे संगठन के लिए काम करते रहे। तीसरी बार विधायक बनने और राघव चड्ढा के राज्यसभा सांसद बनने के बाद उन्हें दिल्ली जल बोर्ड का उपाध्यक्ष बनाया गया। वे पार्टी के संस्थापक सदस्य हैं और अन्ना आंदोलन से भी जुड़े थे।



कालकाजी विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी की विधायक आतिशी ने पहली बार मंत्री पद की शपथ ग्रहण की। 2020 में पहली बार वे विधायक बनीं। आतिशी केजरीवाल सरकार के साथ लंबे समय से काम कर रही हैं और उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया की सलाहकार भी रह चुकी हैं। दिल्ली के सरकारी स्कूलों में आए बदलाव के पीटे आतिशी की अहम भूमिका मानी गई है। आतिशी के ही सुझाव पर शिक्षा के क्षेत्र में तमाम बदलाव किए गए हैं।1981 को जन्मी आतिशी की पढ़ाई दिल्ली के स्प्रिंगडेल स्कूल में हुई। इसके बाद उन्होंने सेंट स्टीदें स कलेज से बैचलर डिग्री हासिल की। डीयू से पढ़ाई करने के बाद रोड्स स्कलशिप हासिल कर अक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी लंदन से मास्टर्स किया।

# शैक्षणिक कार्यक्रमों एवं प्रशिक्षण गतिविधियों को प्रभावी बनाया जाए



**जयन्त प्रतिनिधि।**
चमोली : शिक्षक प्रशिक्षण एवं गुणवत्ता युक्त शिक्षा को सुनिश्चित करने के उदेश्य से गुरूवार को जिलाधिकारी हिमांशु खुराना की अध्यक्षता में कार्यक्रम परामर्श समिति की बैठक हुई। जिसमें वित्तीय वर्ष 2023-24 में डायट की प्रस्तावित कार्ययोजना एवं गतिविधियों को लेकर परिचर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि डायट के शैक्षणिक कार्यक्रमों एवं प्रशिक्षण गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। अभी तक संपादित कार्यक्रमों का तुलनात्मक अध्ययन और मूल्यांकन किया जाए। शिक्षक संघों के साथ औपचारिक बैठक करते हुए उनके अच्छे सुझावों को भी शैक्षणिक कार्यक्रमों में सम्मिलित किया जाए। शिक्षकों को उनकी रूचि के आधार पर भी प्रशिक्षण दें। ताकि बच्चों को और प्रभावशाली एवं गुणवत्तापरक शिक्षा मिल सके। प्रबंधन एवं नियोजन विभाग के प्रवक्ता ने डायट के द्वारा संपादित कार्यक्रम एवं गतिविधियों से जिलाधिकारी को अवगत कराया और इस वित्तीय वर्ष के लिए प्रस्तावित कार्यक्रमों की जानकारी दी।

बैठक में मुख्य शिक्षा अधिकारी कुलदीप गैरोला, डायट के प्राचार्य आरएस वर्त्वाल, प्रवक्ता वीरेन्द्र कठैत, बीआरसी समन्वयक प्रेम सिंह फर्स्वाण, एसएसए समन्वयक प्रदीप बिष्ट, एनजीओ अजीज प्रेमजी फाउडेसन से ववेक जोशी एवं समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## 11 और 12 मार्च को खेलों का आयोजन

नई टिहरी। जिला क्रीड़ा अधिकारी संजीव पौरी ने बताया कि जनपद में समस्त विभागों के इच्छुक अधिकारी व कर्मचारियों के लिए अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज हॉकी, वालीबाल एवं टेबल टेनिस खेलों का ट्रायल का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें वालीबाल एवं टेबल टेनिस के लिए महाराणा प्रताप स्पोर्टस कॉलेज परिसर रायपुर देहरादून तथा हाकी के लिए वंदना कटारिया स्पोर्टस स्टेडियम रोशनाबाद हरिद्वार में आगामी 10 एवं 11 मार्च सुबह 8.30 बजे से आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय चयन ट्रायल्स में प्रदर्शन के आधार पर आल इण्डिया सिविल सर्विसेज प्रतियागिता में भाग लेने वाली उत्तराखण्ड राज्य सिविल सर्विसेज टीम का चयन किया जायेगा। राज्य स्तरीय चयन ट्रायल्स में भाग लेने वाले राज्य कर्मचारियों व अधिकारियों को कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

# अभाविप ने ढाबे में अनैतिक कार्यों को लेकर हंगामा काटा

विकासनगर। अभाविप के छात्रों ने पश्चमीवाला रोड स्थित एक ढाबे में जमकर हंगामा काटा। अभाविप के छात्रों ने ढाबे में अनैतिक कार्यो को किये जाने का आरोप लगाया। अभाविप छात्रों ने ढाबे को तत्काल प्रभाव से बंद कराने की मांग की है। कहा कि नगर क्षेत्र के बीचोंबीच खुले उक्त ढाबे में सरेआम गलत कार्य किये जा रहे हैं। वहीं पुलिस ने कुछ देर के लिए होटल को बंद कर होटल संचालक को थाने ले गई। बाद में पुलिस ने ढाबा संचालक का पुलिस ऐक्ट में चालान काटकर छोड दिया।

नाबालिग से दुराचार के मामले में पुलिस गुरुवार को नाबालिग को लेकर ढाबे में पहुंची। जहां पुलिस मौके पर नजरी नक्शा बनाने नाबालिग को लेकर पहुंची थी। पुलिस जब नाबालिग को लेकर ढाबे से चली गई। तभी अभाविप के छात्र भी ढाबे में एकत्र हो गए। अभाविप छात्रों ने आरोप लगाया कि ढाबे में कई तरह के अनैतिक कार्य हो रहे हैं। कहा कि ढाबा नगर क्षेत्र के बीचोंबीच खुला हुआ है। जहां सरेआम गलत कार्य हो रहे हैं। अभाविप छात्रों की शिकायत पर एसएसआई भुवन चंद्र पुजारी मौके पर पहुंच गये। एसएसआई पुजारी ने छात्रों को किसी तरह से समझाबुझाकर शांत किया।

छात्रों की शिकायत पर पुलिस ने ढाबे कों बंद करवाकर कर ढाबा संचालक को थाने ले गई। जहां देर शाम तक ढाबा संचालक को पुलिस ने ढाबे बैठाये रखा। एसएसआई ने बताया कि अनैतिक कार्यों की ढाबे में शिकायत मिलने पर ढाबा संचालक का पुलिस ऐक्ट में चालान काटा गया है। बताया कि ढाबा संचालक को सख्त हिदायत दी गयी है कि ढाबे में कोई अनैतिक कार्य होना पाये जाने पर होटल को सीज किया जायेगा।

## महिलाओं की समस्याओं पर की चर्चा

नई टिहरी। अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर कोटी फैगुल के द्वारी गांव की महिलाओं ने होली के त्योहार मनाने के साथ ही गोष्ठी का आयोजन कर महिलाओं की समस्याओं पर चर्चा की। बुधवार को होली और अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर कोटी फैगुल की क्षेत्र पंचायत सदस्य कृष्णा गैरोला ने महिलाओं के साथ होली और अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। गोष्ठी में बोलते हुये क्षेपंस ने कहा कि इस बार होली का त्योहार और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एक साथ पड़ने के कारण महिला दिवस को बड़े स्तर पर नहीं मनाया जा सका है। महिलाओं ने रंगों के त्योहार होली के साथ साथ महिला दिवस पर गोष्ठी का आयोजन महिलाओं की समस्याओं पर चर्चा की है।

# होली के दूसरे दिन परिवहन व्यवस्था लड़खड़ाई



ऋषिकेश। होली के दूसरे दिन देहरादून रूट पर सवारियों का दबाव बढ़ने से परिवहन व्यवस्था लड़खड़ा गई। बसों की कमी के चलते सवारियों की फजीहत हुई। सवारियां गंतव्य तक पहुंचने के लिए बस अड्डा परिसर में घंटों भटकने को मजबूर हुए। गुरुवार को संयुक्त यात्रा रोडवेज बस अड्डा परिसर में ऋषिकेश से देहरादून जाने वाली बसों की कमी सवारियों पर भारी पड़ी। सुबह से ही दून जाने वाले लोगों का दबाव रहने से बसों की मारामारी रही। बस अड्डा परिसर में लोग बसों का इंतजार करते नजर आए। घंटों इंतजारी के बाद एक बस की आमद होने पर उसमें सीट पाने के लिए सवारियों को जद्दोजहद करनी पड़ी। धक्कामुक्की होने से कई बार विवाद की नौबत भी आयी। देहरादून जाने वाले तरुण कुमार, शालिनी शर्मा, धर्मेंद्र नेगी ने बताया कि ऋषिकेश और देहरादून के बीच लाल रंग की छोटी बसें चलती है, जिनकी क्रम से बस अड्डे में आमद रहती है। गुरुवार को बसों की कमी रही, जिससे सवारियों को दिक्कत हुई। कई सवारियों ने गंतव्य तक पहुंचने को प्राइवेट वाहनों का सहारा लिया। रोडवेज डिपो के एजीएम पीके भारती ने बताया कि लाल रंग की छोटी बसों का संचालन देहरादून डिपो से होता है। बसों का क्रम टूटने की जानकारी संबंधित डिपो को दी गई है।

# मसूरी के मोटीधार गांव को सड़क से जोड़ने की मांग

देहरादून। मसूरी विधानसभा क्षेत्र का मोटीधार गांव आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहा है। गांव के ग्रामीणों ने सरकार से गांव को मूलभूत सुविधाओं से जोड़ने की मांग की है। गांव के सामाजिक कार्यकर्ता ताराचंद रमोला ने बताया कि 1997 में सहस्त्रधारा–चामासारी–मोटीधार–मासुराना–पटरानी सड़क को मंजूरी मिली थी, लेकिन यह सड़क चामासारी तक ही बनी है। 2004–05 में मासुराना से मोटीधार–चामासारी सड़क को मंजूरी मिली थी, लेकिन आज काम सर्वे से आगे नहीं बढ़ पाया। जिस कारण ग्रामीणों में आक्रेश है। ग्रामीणों को इस दौर में भी पैदल आवाजाही करनी पड़ रही है।

## एनएपीएसआर ने कुष्ठ रोगियों को बांटा सामान

देहरादून। अंतराष्ट्रीय महिला दिवस व होली पर बुधवार को संजय कालोनी स्थित रैफल होम में नेशनल एसोसिएशन फॉर पेरेंट्स एंड स्टूडेंट्स राइट्स(एनएपीएसआर) की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें एसोसिएशन ने कुष्ठ रोगियों को मिठाई, सूती साड़ियां व अन्य सामान बांटा। एनएपीएसआर के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरिफ खान ने कहा कि समाज में हर किसी को अपनी जिम्मेदारी समझकर दूसरों की हर संभव मदद करनी चाहिए।

# हास्य कवि सम्मेलन : देश के मौजूदा हालातों पर तीखे व्यंग कसे

ऋषिकेश। संस्कार भारती डोईवाला की ओर से आयोजित हास्य कवि सम्मेलन में हंसी ठहाकों के बीच देश के मौजूदा हालातों पर तीखे व्यंग किए गए। सम्मेलन का शुभारंभ शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने किया। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन में होली का एक सामाजिक महत्व है। होली समाज को एक साथ लाने और एक दूसरे के बीच ताने–बाने को मजबूत करने में मदद करती है। हास्य कवि सम्मेलन में कैबिनेट मंत्री अग्रवाल ने शिक्षक हरिहर लोहानी, कथावाचक आदित्य नंद महाराज, सामाजिक क्षेत्र में कविता पाल, भानियावाला की पूर्व प्रधान नीलम नेगी, पत्रकार आरती वर्मा, वेटलिफ्टर ज्योति यादव और आयोजन समिति से जुड़े 6 कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया। योगेश अग्रवाल के संचालन में चले कवि सम्मेलन में रुड़की से आई कवित्री महिमा श्री ने मां के चरणों में करूं वंदना और पति का कैसा व्यवहार है पत्नियों पर होता अत्याचार है, के माध्यम से अपनी कविताओं से वाहवाही लूटी। कवि श्रीकांत ने भारत का जांबाज सिपाही हर दुश्मन पर भारी है सुनाकर लोगों को वीर रस से भर दिया। कवि रोशनलाल हरियाणवी में अपनी हरियाणवी भाषा की कविता सुनाकर श्रोताओं को लोटपोट कर दिया, कवि राघवेंद्र गौर, राजकुमार राज और देवेंद्र सिंह मालूम मैं अपनी कविताओं से मंत्रमुग्ध किया। मौके पर संस्कार भारती नगर अध्यक्ष ईश्वर चंद्र अग्रवाल, सागर मनवाल, मंडलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह नेगी, समाजसेवी राजन गोयल, भारत गुप्ता, नरेंद्र गोयल, महेंद्र अग्रवाल, महेश गुप्ता, कैलाश मित्तल, आनंद अग्रवाल, विनय जिंदल, हरिओम गुप्ता, संपूर्णानंद थपलियाल, मनदीप बजाज, मनोज कांबोज, चंद्रकला ध्यानी, अनीता अग्रवाल, पूनम तोमर, कृष्णा तड़ियाल, वर्षा वर्मा, अल्पना प्रजापति, सविता अग्रवाल, बॉबी शर्मा, अनूप शर्मा आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### सिमली में कल भाजपा की विस स्तरीय बैठक आयोजित

चमोली। शनिवार को सिमली में भाजपा की विधानसभा स्तरीय बैठक आयोजित होगी। जिसमें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट शामिल होंगे। यही नहीं बैठक में विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी और प्रदेश के अन्य बड़े नेता भी शामिल होंगे। कर्णप्रयाग के नगर मंडल अध्यक्ष सुभाष चमोली ने बताया कि 11 मार्च शनिवार को सिमली में बूथ सशक्तिकरण की बैठक होगी। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी, जिलाध्यक्ष रमेश मैखुरी, विधायक अनिल नौटियाल, जिला प्रभारी कुंदन परिहार, मंडल प्रभारी नरेंद्र बिष्ट शामिल होंगे। चमोली ने बताया कि बैठक में शक्ति केंद्र संयोजक, शक्ति केंद्र प्रभारी, शक्ति केंद्र अल्पकालिक विस्तारक, बूथ सशक्तिकरण अभियान टोली, डाटा प्रबंधन एवं उपयोग मंडल टोली, सहित अन्य पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया जाएगा।

चमोली ने बताया कि विधानसभा में लोकसभा और निकाय चुनावों की तैयारी के लिए बैठक आयोजित की गई है।

### इग्नू परीक्षाओं के लिए आनलाइन आवेदन शुरू

देहरादून। इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) की जून में होने वाली परीक्षाओं के लिए आनलाइन आवेदन शुरू हो गए हैं। जो 25 अप्रैल तक चलेंगे। इग्नू के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अनिल कुमार डिमरी ने बताया कि जिन भी शिक्षार्थियों को जून 2023 की सत्रांत परीक्षा में शामिल होना है वे इग्नू की वेबसाइट पर जाकर रजिस्टर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। शिक्षार्थियों को प्रत्येक थ्योरी कोर्स के लिए दो सौ और प्रैक्टिकल व प्रोजेक्ट के लिए क्रेडिट के अनुसार शुल्क देना होगा। 25 अप्रैल के बाद जो फार्म भरेगा उसे 11 सौ रुपए का विलंब शुल्क देना होगा। शिक्षार्थी पर जाकर भी आवेदन कर सकते हैं।

# मुख्य सचिव ने की देहरादून यातायात संकुलन को कम करने हेतु सभी सम्बन्धित विभागों संग बैठक

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने गुरूवार को सचिवालय में देहरादून में यातायात संकुलन को कम करने हेतु सभी सम्बन्धित विभागों के साथ बैठक की। मुख्य सचिव ने कहा कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सभी सम्बन्धित विभागों की एक कमेटी बनायी जाए, जो ट्रेफिक कन्जेशन को कम करने के लिए प्रत्येक सप्ताह बैठक आयोजित करेगी।

मुख्य सचिव ने कहा कि शहर के यातायात संकुलन कम करने की दिशा में लगातार अनुश्रवण प्रणाली की देखरेख के लिए यूनिफाइड मेट्रोपोलिटन ट्रांसपोर्टेशन अर्थॉरिटी (वटळअ) पाक्षिक रूप से बैठक आयोजित कराएगी। उन्होंने कहा कि यातायात संकुलन को कम करने के लिए आमजन का पब्लिक ट्रांसपोर्ट पर विश्वास जगाना आवश्यक है। पब्लिक ट्रांसपोर्ट की फ्रीक्वेंसी बढ़ाई जाए। साथ ही वाहनों की टाइमिंग भी सुनिश्चित किया जाए। अधिक से अधिक तकनीक का प्रयोग करते हुए प्रत्येक बस स्टॉप पर अगली आने वाली बस के पहुंचने का समय भी प्रदर्शित किया जाना चाहिए। कहा कि इसके लिए शीघ्र से शीघ्र शहर के भीतर ट्रांसपोर्ट सिस्टम को सुनियोजित तरीके से मजबूत किए जाने की आवश्यकता है।

मुख्य सचिव ने कहा कि यातायात संकुलन को कम करने के लिए तीन ई इंजीनियरिंग, इन्फोर्समेंट और एजुकेशन पर फोकस किए जाने की आवश्यकता है। जहां पर इंजीनियरिंग से यातायात में सुधार हो सकता है,



तुरंत शुरू किया जाए। यातायात संकुलन को रोकने के लिए नियमों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। नो पार्किंग एरिया में गाड़ी पार्क करने वालों पर अधिक से अधिक चालान किए जाएं। इसके लिए ड्रोन कैमरों का अधिक से अधिक प्रयोग किया जाए।

मुख्य सचिव ने कहा कि शहर में स्कूल बसों से लगने वाले जाम को कम करने के लिए प्रत्येक स्कूल में जाकर वहां की परिस्थितियों के अनुसार अलग प्लान तैयार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि फील्ड पर यातायात कंट्रोल के लिए ट्रेफिक पुलिस काम कर रही है। ट्रेफिक को सुधारने के लिए सबसे अच्छा फीडबैक इन्हीं से मिल सकता है। इसके लिए ट्रेफिक फीडबैक सिस्टम विकसित किया जाए। आमजन में यातायात संकुलन को कम करने के लिए शिक्षित किए जाने की अत्यधिक आवश्यकता है। उन्होंने इसके लिए लघु फिल्मों के माध्यम से प्रचार प्रसार विशेषकर स्कूली बच्चों में अधिक से अधिक शिक्षित किए जाने की दिशा में कार्य किया जाए।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, सचिव अरविन्द सिंह ह्यांकी, प्रबन्ध निदेशक उत्तराखण्ड मेट्रो रेल कारपोरेशन जितेन्द्र त्यागी, निदेश-क यातायात मुख्तार मोहसिन, जिलाधिकारी देहरादून सोनिका, एसएसपी देहरादून दिलीप सिंह कुंवर, मुख्य नगर अधिकारी मनुज गोयल, उपाध्यक्ष एमडीडीए बंशीधर तिवारी एवं एसपी ट्रैफिक अक्षय प्रह्लाद कोण्डे सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

# फिल्म निर्माता कम्पनी जंगली पिक्चर्स ने किया सीएम धामी का धन्यवाद

देहरादून। प्रसिद्ध फिल्म निर्माता कम्पनी जंगली पिक्चर्स ने अपनी फिल्म बधाई दो की शूटिंग और सब्सिडी के लिए उत्तराखण्ड में मिले सहयोग हेतु मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को धन्यवाद दिया है। जंगली पिक्चर्स ने मुख्यमंत्री धामी को अपने सोशल मीडिया पोस्ट(ट्वीट और इंस्टा) पर टैग करते हुए लिखा हैः–

ह्यह्यमुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और उत्तराखण्ड फिल्म विकास परिषद का उनके सहयोग और गर्मजोशी से भरे आतिथ्य हेतु हार्दिक धन्यवाद। बधाई दो फिल्म के लिए शूटिंग की अनुमति देने से लेकर सब्सिडी स्वीकृत करने तक उनकी कार्यप्रणाली वास्तव में सराहनीय है। हम एक बार फिर सुरम्य राज्य उत्तराखण्ड में शूटिंग करने के अवसर का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। जंगली पिक्चर्स के इस पोस्ट को बधाई दो के अभिनेता प्रसिद्ध स्टार राजकुमार राव ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर शेयर करते हुए लिखा धन्यवाद सर।

उत्तराखण्ड फिल्म विकास परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बंशीधर तिवारी ने फिल्म निर्माता को धन्यवाद देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड में फिल्म निर्माताओं के लिए एक आदर्श वातावरण तैयार करने का प्रयास किया जा रहा है।

बंशीधर तिवारी ने कहा कि राज्य में फिल्म निर्माण को एक उद्योग की भांति बढ़ावा दिया जायेगा। फिल्म निर्माण के क्षेत्र में रोजगार सृजन पर फोकस किया जा रहा है। नई फिल्म नीति में क्षेत्रीय फिल्मों को प्रोत्साहन देने के लिए उनको दी जाने वाली सब्सिडी में उल्लेखनीय वृद्धि प्रस्तावित की गई है। उन्होंने बताया कि राज्य के अपेक्षाकृत कम प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों पर शूटिंग को प्रोत्साहन देने के लिए भी नीति बना ली गई है। तिवारी ने बताया कि राज्य के शूटिंग लोकेशनों और फिल्म निर्माण से जुड़े कलाकारों तथा तकनीशियनों हेतु डायरेक्ट्री बनाने के लिए सूचना संकलन का कार्य प्रारंभ हो गया है। उन्होंने कहा कि हाल में ही लागू की गई निजी औद्योगिक क्षेत्र स्थापना नीति–2023 के अंतर्गत भी निजी फिल्म सिटी, स्टूडियो एवं अन्य उपक्रमों को बढ़ावा मिलेगा। कई बड़े फिल्म निर्माता राज्य में फिल्म निर्माण, फिल्म सिटी, फिल्म संस्थान हेतु बातचीत कर रहे हैं।

उत्तराखण्ड फिल्म विकास परिषद के नोडल अधिकारी संयुक्त निदेशक डॉ. नितिन उपाध्याय ने बताया कि इस वर्ष बड़े बैनर की दो हिन्दी फिल्मों बधाई दो (जंगली प्रोडक्शन) तथा तड़प (साजिद नाडियाडवाला प्रोडक्शन) को सब्सिडी दी गई है। जिन्होंने अपनी कुल शूटिंग का 75 प्रतिशत से अधिक उत्तराखण्ड में शूट किया है। कुछ अन्य हिन्दी और क्षेत्रीय फिल्मों की सब्सिडी हेतु भी कार्यवाही गतिमान है। पिछले वर्ष बनी कई फिल्में रिलीज होने के बाद सब्सिडी हेतु आवेदन करेंगी। पिछले एक वर्ष में लगभग 200 फिल्म शूटिंग अनुमतियां जारी की गई हैं।



## सीएम धामी ने की प्रदेश में खुशहाली की कामना

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को चकरपुर, उधम सिंह नगर स्थित वनखंडी महादेव मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश में खुशहाली की कामना की।

# राज्यपाल ने की स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों संग बैठक

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने गुरुवार को राजभवन में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न विभागीय योजनाओं व कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त की। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना का अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार किया जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहा कि दूरस्थ गांव में रह रहे लोगों तक मोबाइल वैन के माध्यम से जन औषधि केन्द्रों की सस्ती दरों पर उपलब्ध दवाइयों का लाभ मुहैया करवाया जाय। राज्यपाल ने कहा कि चारधाम यात्रा सहित कांवड़ यात्रा में भी जन औषधि परियोजना का प्रचार–प्रसार करें जिससे अधिक से अधिक लोगों को इसकी जानकारी प्राप्त हो सके।

राज्यपाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आशा, आंगनबाड़ियों, पूर्व सैनिकों, रेडक्रॉस के वॉलेंटियर व एनसीसी के कैडेट्स को स्वास्थ्य मित्र बनाकर उनकी स्वास्थ्य सेवाओं हेतु मदद ली जाय। राज्यपाल ने कहा कि चारधाम यात्रा में हृदय रोग विशेषज्ञ



डॉक्टरों की कमी एक चुनौति के रूप में है इसके लिए विभाग ऐसे विशेषज्ञ डॉक्टरों हेतु विशेष प्रोत्साहन द्वारा उनकी तैनाती के प्रयास करे। राज्यपाल ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में नवीन तकनीकी जिनमें हैली एम्बुलेंस, ड्रोन आदि के उपयोग को बढ़ावा दिया जाना जरूरी है। दूरस्थ क्षेत्रों हेतु यह तकनीकी बेहद कारगर है और इन तकनीकों से लोगों को तत्काल स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करायी जा सकती हैं। उन्होंने टीबी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत निः क्षय मित्र के संम्बध में भी जानकारी प्राप्त की और कहा कि अधिक से अधिक लोगों को निः क्षय मित्र बनने के लिए प्रेरित करें।

इस बैठक के दौरान सचिव स्वास्थ्य डॉ. आर राजेश कुमार ने राज्यपाल के समक्ष विभागीय योजनाओं व कार्यक्रमों का विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। इस अवसर पर महानिदेशक स्वास्थ्य डॉ. विनिता शाह, निदेशक एनएचएम डॉ. सरोज नैथानी, ड्रग कंट्रोलर तेजवर सिंह, समन्वयक डॉ. तपन शर्मा, चिकित्सा अधिकारी डॉ. महावीर सिंह मौजूद रहे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई होली, खूब उड़े गुलाब-अबीर

## शहर से लेकर गांव तक धूमधाम के साथ मनाया गया होली का त्योहार

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** कोटद्वार व आसपास के क्षेत्र में होली का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शहर से लेकर गांव तक खूब अबीर गुलाल उड़े। युवाओं की टोली ने अपने अंदाज में डीजे की धुन पर थिरक कर होली के पर्व को उत्साह के साथ मनाया गया। शांति व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा।

बुधवार को होली के दिन गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में होली का जबरदस्त रंग चढ़ा रहा। नगर निगम क्षेत्र के पदमपुर, सिताबपुर, बीईएल कालोनी, निंबूचौड़, दुर्गापुरी, मोटाढांक, हल्दूखाता, कलालघाटी, कण्वाश्रम, किशनपुर, झंडीचौड़, सिगड्डी क्षेत्र में भी होली की धूम रही। होल्यारों ने घर-घर जाकर हारमोनियम और ढोलक की थाप पर नृत्य करते हुए होली के लोकगीत गाए। मोहल्लों में युवाओं की ओर से डीजे का प्रबंध


### चोटिल होते रहे लोग

होली के दिन राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार में दुर्घटना के दौरान घायल होने वाले लोगों का आना-जाना बना रहा। होली पर अलग-अलग स्थानों में दो पहिया वाहन अनियंत्रित होने से 18 से अधिक लोग चोटिल हो गए थे। हालांकि किसी भी व्यक्ति को गंभीर चोट नहीं आई।

### मुस्तैद रही पुलिस

होली में शांति व्यवस्था बनी रहे इसके लिए पुलिस पूरे दिन मुस्तैद रही। चीता पुलिस लगातार गश्त पर डटी हुई थी।

शहर के संदिग्ध स्थानों में विशेष पुलिस टीमें तैनात की दी गई थी। यही कारण था कि शहर में कहीं भी किसी तरह की आपराधिक घटनाएं सामने नहीं आई।



# मैदान को लौटने लगे प्रवासी, सीट के लिए मारामारी

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** पहाड़ में होली खेलने के बाद प्रवासी वापस मैदान की ओर लौटने लगे हैं। यहीं कारण है कि कोटद्वार से दिल्ली व देहरादून रूट पर अचानक यात्रियों की संख्या बढ़

- होली त्योहार सपन्न होने के बाद दिल्ली, देहरादून रूट पर बढ़े यात्री
- यात्रियों की सुविधा को देखते हुए परिवहन निगम ने चलाई अतिरिक्त बसें



होली त्योहार संपन्न होने के बाद कोटद्वार बस अड्डे में बस का इंतजार करते यात्री

गई। यात्रियों की सुविधा को देखते हुए परिवहन निगम की ओर से रूटों पर अतिरिक्त बसें चलाई जा रही है।

कुछ दिन पूर्व दिल्ली, गुड़गांव, देहरादून सहित अन्य क्षेत्रों से बड़ी संख्या में प्रवासी पहाड़ होली खेलने के लिए पहुंचे थे। आठ मार्च को होली संपन्न होने के बाद गुरुवार से प्रवासियों का वापस मैदान की ओर लौटने का सिलसिला शुरू हो गया है। मैदान की ओर लौटने के लिए बड़ी संख्या में प्रवासी कोटद्वार बस अड्डे में पहुंच रहे हैं। गुरुवार सुबह से ही कोटद्वार बस अड्डे में यात्रियों की भीड़ लगनी शुरू हो गई थी। पहाड़ से कोटद्वार आने वाले सभी वाहन यात्रियों से खचाखच भरे हुए थे। इसके बाद कोटद्वार से मैदान जाने की ओर जाने के लिए यात्रियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। बस अड्डे में पहुंचते ही बसें यात्रियों से फुल हो जा रही थी। यही हाल हरिद्वार व देहरादून रूट पर संचालित होने वाले मैक्स वाहनों का भी बना हुआ था। सबसे अधिक परेशान परिवार के साथ यात्रा करने वाले यात्रियों को उठानी पड़ी। कई परिवारों को मजबूरन निजी वाहन बुक कर आवाजाही करनी पड़ी। अचानक बढ़ी यात्रियों की संख्या को देखते हुए परिवहन निगम को बसों की संख्या बढ़ानी पड़ी। दिल्ली व देहरादून रूट पर हर घंटे में बसों का संचालन किया जा रहा था।

### बुक करना पड़ा निजी वाहन

घंटों इंतजार करने के बाद भी बसों में सीट नहीं मिलने के कारण लोगों को निजी वाहन बुक कर आवाजाही करनी पड़ी। बसों में सीट नहीं मिलने से सबसे अधिक परेशानी परिवार के साथ सफर करने वालों को उठानी पड़ी।

## रोपवे से जुड़ेगा प्रसिद्ध भैरवगढ़ी मंदिर

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** अब पर्यटक लैंसडौन, जयहरीखाल और प्रसिद्ध भैरवगढ़ी मंदिर में रोप वे के माध्यम से आसानी से आवाजाही कर सकेंगे। जिला प्रशासन पौड़ी की ओर से लैंसडौन व आसपास के क्षेत्रों को पर्यटन से जोड़ने की वृहद योजना बनाई गई है। सब कुछ ठीक रहा तो इस योजना से क्षेत्र में पर्यटन का विकास के साथ रोजगार को बढ़ावा भी मिलेगा।

जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान के निर्देश पर फतेहपुर से लैंसडौन, लैंसडौन टिप इन टॉप से जयहरीखाल, कीर्तिखाल से भैरवगढ़ी मंदिर तक रोप वे बनाया जाना है। इसके अलावा डिग्री कालेज जयहरीखाल के निकट इको पार्क, लैंसडौन के जीएमवीएन आवास गृह के निकट योग केंद्र और लैंसडौन के सिंचाई विभाग के खाली पड़े भवन में म्यूजियम निर्माण किया जाना है।

लैंसडौन के ट्रैकिंग मार्गों को चिह्नित कर पर्यटकों के लिए नए स्पॉट बनाए जाएंगे।

# हर रोज सूर्योदय से पूर्व उठकर योगाभ्यास करें विद्यार्थी

## राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में आयोजित किया गया शिविर



महाविद्यालय में आयोजित शिविर में योगाभ्यास करते विद्यार्थी

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोटद्वार के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस में विद्यार्थियों को योग के महत्व के बारे में बताया गया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को प्रतिदिन सूर्योदय से पूर्व उठकर योगाभ्यास करने की सीख दी।

तीसरे दिन की शुरूआत स्वयं सेवियों ने सरस्वती वंदना से की। नाश्ते के पश्चात् स्वयं सेवियो द्वारा महाविद्यालय प्रांगण एवं रासेयो कार्यालय के सम्मुख साफ–सफाई का कार्य किया गया। इसके उपरांत सायं काल में बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता समाजशास्त्र विभाग की विभाग प्रभारी डॉ. तनु मित्तल द्वारा माँ सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर बौद्धिक सत्र का आरम्भ किया गया। इस अवसर पर रासेयो के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. एसके. गुप्ता ने मुख्य वक्ता डॉ० तनु मित्तल का स्वागत करते हुए स्वयं सेवियों में एक अच्छे छात्र के ऐसे गुणों पर प्रकाश डाला जिनके माध्यम से एक छात्र की बुद्धि का विकास, व्यक्तित्व का विकास तथा सर्वांगीण विकास आसानी से हो सके। मुख्य वक्ता डॉ. तनु मित्तल ने स्वयं सेवियो को 'कौशल विकास और परीक्षा संबंधी तैयारी कैसे करें' विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। डॉ. तनु मित्तल ने स्वयं सेवियो से समाज के साथ जुड़कर अपना और समाज का विकास करने पर जोर दिया। उन्होंने आगामी विश्वविद्यालयी परीक्षाओं में किस प्रकार उत्तम प्रदर्शन करके अच्छे अंक प्राप्त किये जा सकते हैं इस बारे में भी बताया।

## सपनों की उड़ान प्रतियोगिता 13 से

**कोटद्वार :** समग्र शिक्षा अभियान के तहत जनपद स्तरीय प्रतियोगिता सपनों की उड़ान 13 मार्च को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कोटद्वार में आयोजित होगी। इस संबध में जिला विज्ञान समन्वयक दौलत गुसाई ने अवगत कराया कि उक्त कार्यक्रम में 15 विकास खंडों से प्राथमिक एवं जूनियर स्तर पर चयनित छात्र–छात्राओं द्वारा विभिन्न गतिविधियों में प्रतिभाग किया जाएगा।

## मालती जुयाल बनी महामंत्री

सतपुली : भाजपा महिला मोर्चा सतपुली मंडल की कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यकारिणी का गठन मंडल मोर्चा की अध्यक्ष रेनू घिल्डियाल ने मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह बिष्ट की संस्तुति के आधार पर किया। उक्त जानकारी देते हुए महिला मोर्चा मंडल सतपुली की अध्यक्ष रेनू घिल्डियाल ने बताया कि महिला मोर्चा सतपुली मंडल की कार्यकारिणी में शशि भट्ट, पुष्पा असवाल और मोनिका रावत को उपाध्यक्ष, मालती जुयाल को महामंत्री, शांति देवी, कांति देवी एवं राजेश्वरी देवी को मंत्री, सरोजनी देवी को कोषाध्यक्ष, पुष्पा रावत को मीडिया प्रभारी, पुष्पा आर्य को सह मीडिया प्रभारी तथा मीना देवी को सोशल मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## 19 को होगें पूर्व सैनिक संगठन के चुनाव

**पौड़ी :** पूर्व सैनिक कल्याण संगठन की बैठक 19 मार्च को आयोजित होगी। जिसमें नई कार्यकारिणी का भी गठन किया जाएगा। संगठन के सचिव राजेंद्र सिंह राणा ने बताया कि 19 मार्च को मांडाखाल स्थित पूर्व सैनिक मिलन केंद्र में संगठन की बैठक आयोजित की जाएगी। बताया कि चुनाव को लेकर शुक्रवार से नामांकन की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। 10 से 18 मार्च तक अध्यक्ष, सचिव, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष पदों के लिए नामांकन होंगे। 18 मार्च को नामवापसी होगी। 19 मार्च को चुनाव प्रक्रिया आयोजित की जाएगी।

# प्रतिदिन वनाग्नि की रिपोर्ट जिला आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूम को भेजे

## डीएम ने खंड विकास अधिकारी कोट का स्पष्टीकरण तलब किया

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी :** वनाग्नि घटनाओं की रोकथाम हेतु जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने एनआईसी कक्ष में समीक्षा बैठक ली। उन्होंने ब्लाक स्तर पर नामित नोडल अधिकारियों व अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रों में निगरानी बनायें रखें, जंगलों में आग लगने पर तत्काल कंट्रोल रूम में उसकी जानकारी दें। वनाग्नि की जानकारी कंट्रोल रूम में न देने पर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी कोट का स्पष्टीकरण तलब किया।

गुरूवार को वनाग्नि घटनाओं की रोकथाम बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारी, वन विभाग, पुलिस व ब्लाक स्तर पर नामित नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रतिदिन वनाग्नि की रिपोर्ट जिला आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूम को प्रस्तुत करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कहा कि जंगलों में आग लगाने वाले लोगों का पता चलता है तो तत्काल उनके विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रों में वनाग्नि की रोकथाम के लिए ग्रामीण स्तर पर लोगों के साथ बैठक करें। जिससे जंगलों में आग लगने पर वनों को बचाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि जो जिम्मेदार अधिकारी वनाग्नि जैसी घटनाओं के प्रति लापरवाही बरतेंगे उनके विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने वन विभाग का एक कार्मिक आपदा प्रबंधन कंट्रोल में तैनात करने के निर्देश डीएफओ को दिये। उन्होंने परिवहन विभाग को कहा कि विभिन्न रूटो पर चलने वाले वाहन चालकों को कंट्रोल रूम का नम्बर दें, जिससे वह आग लगने की जानकारी कंट्रोल रूम को दे सकेंगे। जिलाधिकारी ने आमजनमानस से अपील करते हुए भी कहा कि जंगलों में आग लगने पर उसकी जानकारी कंट्रोल रूम को दें, जिससे वनो को बचाया जा सकेगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पाण्डे, डीएफओ गढ़वाल स्वप्निल अनिरूद्ध, डीएफओ सीविल एवं सोयम केएन भारती, उपजिलाधिकारी सदर आकाश जोशी, खंड विकास अधिकारी शिव सिंह भंडारी व अन्य अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े थे।

## नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों का किया सम्मान

जयन्त प्रतिनिधि

**कोटद्वार :** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा की ओर से आयोजित कार्यक्रम में नव नियुक्त मंडल अध्यक्षों का सम्मान किया गया। इस दौरान मंडल अध्यक्षों ने पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

पार्टी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष मौ. नूरूद्दीन ने मंडल अध्यक्षों व सदस्यों को पार्टी की नीतियों से अवगत कराते हुए कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो कार्यकर्ताओं का सम्मान करती है, इसलिए हम सभी को पार्टी को मजबूत बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लेना चाहिए। मौके पर पौखाल मंडल अध्यक्ष यासिन अहमद, दुगड्डा मंडल अध्यक्ष सिमरन बेगम, कालागढ़ मंडल अध्यक्ष एम खान, सुखरौ मंडल अध्यक्ष आकिब अहमद व कोटद्वार नगर मंडल अध्यक्ष मुस्कान को सम्मानित किया गया। इस दौरान अल्पसंख्यक मोर्चा के सभी सदस्य मौजूद रहे।

# विस्थापन और पुनर्वास की मांग को लेकर पद यात्रा श्रीनगर से देहरादून के लिए रवाना

श्रीनगर गढ़वाल : विस्थापन और पुनर्वास के लिए जोशीमठ से शुरू हुई युवाओं की पद यात्रा गुरुवार को श्रीनगर से देहरादून के लिए रवाना हुई। इस दौरान यात्रा में शामिल युवाओं ने कहा कि जोशीमठ के आपदा प्रभावित लोग बेघर हो चुके है। आपदा से सबकी रोजी रोटी ठप हो चुकी है। इसके बाद भी सरकार ने आज तक इसे राष्ट्रीय आपदा घोषित नहीं किया है।

बदरी-केदार धर्मशाला श्रीनगर में देहरादून रवाना होने से पूर्व आयोजित बैठक में युवाओं ने कहा कि विनाशकारी विकास के ढांचे के खिलाफ, पर्यावरण, विश्व धरोहर हिमालय और जोशीमठ को बचाने का संदेश लेकर तथा जोशीमठ की जनता को न्याय दिलाने के लिए यह यात्रा पहली मार्च को जोशीमठ से शुरू की गई थी। कहा 290 किमी. की दूरी तय करने के बाद 14 मार्च को यात्रा देहरादून पहुंचेगी। यात्रा के माध्यम से लोगों को जोशीमठ आपदा और जल विद्युत परियोजनाओं से होने वाले विनाश के बारे में जागरूक किया जा रहा है। इस मौके पर गढ़वाल विश्वविद्यालय के बिड़ला परिसर छात्र संघ के उपाध्यक्ष रॉबिन असवाल ने कहा कि हमें समय रहते जागरूक होने की जरूरत है। वरना पूरे उत्तराखंड पर जोशीमठ जैसा खतरा मंडरा सकता है। डॉ. शिवानी पांडे ने यात्रा में शामिल युवाओं का स्वागत करते हुए कहा कि हिमालयी क्षेत्र संपूर्ण मानवता की धरोहर है। इसे बचाने के लिए भी सभी को सामूहिक प्रयास करना चाहिए। उन्होंने सरकार से जोशीमठ को राष्ट्रीय आपदा घोषित किए जाने और प्रभावितों को उचित मुआवजा, पुनर्वास और रोजगार की व्यवस्था किए जाने की मांग की है। प्रगतिशील जन मंच के अध्यक्ष अनिल स्वामी ने युवाओं की मुहिम की सराहना कर इसे हक की लड़ाई बताया। इस मौके पर छात्र संघ के सम्राट राणा, अंकित उछोली, मोनिका, समरवीर, तुषार व पदयात्रा में शामिल जोशीमठ के युवा सचिन रावत, आयुष डिमरी, मयंक भुंजवान, ऋतिक रागा, ऋतिक हिंदवाल, अभय राणा, कुणाल रागा, तुषार धीमान, अमन भौटीयाल व अंकित आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## शांति व सौहार्द से मनी होली, महिलाओं व बच्चों में दिखा उत्साह

**श्रीनगर गढ़वाल :** उमंग व उत्साह के बीच रंगों का त्योहार होली शांति एवं सौहार्द के वातावरण में संपन्न हो गया। खासकर महिलाओं व बच्चों में होली को लेकर काफी उत्साह देखा गया। सुबह से ही रंग व गुलाल से होली की मस्ती में डूबे रहे। मंगलवार की देर रात में होलिका दहन के बाद से ही लोग होली की मस्ती में सराबोर होने लगे। बच्चों व युवाओं के साथ बुजुर्ग भी होली का आनंद लेने में पीछे नहीं थे।

नगर क्षेत्र में रंगोत्सव और भाईचारे का पर्व होली को शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया। नगर क्षेत्र में इस दौरान कोई भी हुडदंग व लडाई झगड़े और दुर्घटना का कोई भी मामला नहीं आया है। श्रीनगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार सैनी ने बताया कि शहर में होली का पर्व बड़े हर्षोल्लास, शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर सोशल मीडिया पर भी होली छाया रहा। होली के एक दिन पहले से ही लोग वॉट्स एप के माध्यम से होली की बधाइयां एक-दूसरे को देते रहे। लोग अपने सगे-संबधियों व दोस्तों को सोशल मीडिया के जरिए होली की शुभकामनाएं देते रहे।

## नि :शुल्क नेत्र शिविर 12 मार्च को

**कोटद्वार :** रोटरी क्लब के सौजन्य व हिमालय अस्पताल जौलीग्रान्ट के सहयोग से 12 मार्च को निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जायेगा। क्लब के जनसंम्पर्क अधिकारी गोपाल चन्द्र बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त शिविर रोटरी भवन डिफेंस कालोनी, नजीबाबाद रोड में लगाया जायेगा, जिसमें हिमालय अस्पताल के अनुभवी व विशेषज्ञ नेत्र चिकित्सको द्वारा मरीजों का नेत्र परीक्षण किया जायेगा। आवश्कतानुसार नेत्र ऑपरेशन हेतु मरीजो को जौलीग्रान्ट भेजा जायेगा। उन्होने क्षेत्रीय जनता से शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

## छात्र–छात्राओं ने जाना तारा मंडल का रहस्य

विकासनगर। प्रखंड के दूरस्थ राजकीय इंटर कॉलेज सोरना–डोभरी के छात्र–छात्राओं ने गुरुवार को शैक्षणिक भ्रमण के तहत विज्ञान धाम झाझरा में तारामंडल जाकर थ्रीडी सिनेमा के जरिये तारों का रहस्य जानने के साथ ही अन्य जानकारी हासिल की। भ्रमण प्रभारी ने बताया कि छात्र–छात्राओं ने झाझरा स्थित आंचलिक विज्ञान केंद्र का भ्रमण किया। केंद्र में छात्र–छात्राओं ने रोचक विज्ञान, विज्ञान प्रौद्योगिकी के विभिन्न आयामों से संबंधित जानकारियां हासिल की और थ्रीडी चलचित्र, तारामंडल एवं रोचक जैव विविधता पार्क भी देखा। तारामंडल के बारे में जानकारी पाकर छात्र–छात्राएं उत्साह से लबरेज दिखाई दिए। जिला विज्ञान समन्वयक एवं भ्रमण प्रभारी सुधीर कांति ने छात्र–छात्राओं को बताया कि वायुमंडल में धूल और बादल के पॉजिटिव एवं नेगेटिव आयन आपस में मिलते गए, धीरे–धीरे इन्होंने बड़ा आकार बनाया।

# शराब का ठेका नहीं हटाने पर करेगें आंदोलन

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी :** यमकेश्वर ब्लाक के नीलकंठ रोड पर गरुड़ चट्टी में खुले शराब के ठेके के विरोध में एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को जिलाधिकारी से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने डीएम से शराब के ठेके को इस स्थान से हटाने की मांग की। कहा कि शराब के ठेके को नहीं हटाने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा।

गुरुवार को गरुड़ चट्टी से पहुंचे स्थानीय लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी डा. आशीष चौहान से मुलाकात की। इस दौरान चंद्रभूषण शर्मा, कमल रावत आदि ने डीएम को बताया कि गरुड़ चटटी क्षेत्र कुंभ मेला व विश्व प्रसिद्ध नीलकंठ शिव धाम मेला क्षेत्र के अंतर्गत आता है। साथ ही गंगा नदी के निकट यह स्थान राजाजी पार्क क्षेत्र के अंतर्गत भी है। जिससे यहां पर हाथियों की आवाजाही इस क्षेत्र में बनी रहती है। इस क्षेत्र में लगभग 4 लोगों की अब तक शराब के ठेके के करीब हाथी द्वारा मारे जाने की घटनाएं हो चुकी हैं। जिसके चलते यह स्थान अत्यंत संवेदनशील है। कहा कि जनता के विरोध के बावजूद भी ठेका संचालित हो रहा है जोकि न्यायसंगत नहीं है। कहा कि यदि प्रशासन द्वारा शराब के ठेके को हटाने की कार्रवाई नहीं की जाती है तो जनता के साथ मिलकर उग्र आंदोलन के साथ ही शराब के ठेके को बंदकर दिया जाएगा। वहीं, डीएम ने जांच कमेटी बनाते हुए 4 दिन के भीतर कार्रवाई का आश्वासन प्रतिनिधिमंडल को दिया। इस मौके पर प्रदीप रावत, सुरेंद्र सिंह नेगी, सतेंद्र पंवार, शैलेंद्र बड़ोला आदि शामिल थे।

## पीएचडी प्रवेश परीक्षा चार केन्द्र पर होगी सम्पन्न

**श्रीनगर गढ़वाल :** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि की पीएचडी प्रवेश परीक्षा के लिए चार अलग-अलग शहरों में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें श्रीनगर गढ़वाल, बादशाही थौल टिहरी, देहरादून और नई दिल्ली शामिल हैं।

विवि ने पीएचडी प्रवेश परीक्षा के लिए गत तीन मार्च से ऑनलाइन आवेदन मांगें हैं। आवेदन फार्म भरने की अंतिम तिथि 25 मार्च निर्धारित की गई। ऑनलाइन आवेदन में संशोधन की तिथि 27 से 29 मार्च है। जबकि आवेदक 1 अप्रैल से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। गढ़वाल केंद्रीय विवि ने इस बार 359 सीटों पर पीएचडी के लिए आवेदन मांगें हैं। जिसमें 181 सीटें विवि के तीनों परिसरों के लिए निर्धारित हैं। इन सीटों पर शोधार्थियों को प्रतिमाह 8 हजार रुपये की फेलोशिप मिलेगी। जबकि 68 सीटें विवि से सबंद्ध कॉलेजों के लिए निर्धारित हैं। इसके अलावा 110 सीटें जेआरएफ व टीचर फेलो के लिए रखी गई हैं। विवि के सहायक कुलसचिव परीक्षा अरविंद कुमार ने बताया कि पीएचडी सीटों का तीन वर्गों में रोस्टर तैयार किया गया है। जिसमें कैंपस, संबद्ध कॉलेजों और जेआरएफ की अलग–अलग सीटें तय की गई हैं। उन्होंने बताया कि विवि की वेबसाइट पर विभागवार सीटों का ब्योरा दिया गया है। जिसकी जानकारी आवेदक वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए चार शहरों में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

# नेपाल सीमा से लगे जंगलों में लगी आग



चम्पावत। नेपाल सीमा से लगे ग्राम पंचायत टुनकांडे के राजस्व गांव पठना के जंगलों में आग लगने से वन संपदा को काफी नुकसान पहुंचा है। वन विभाग, दमकल की टीम ने घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। गुरुवार की सुबह से पठना के जंगल में बचानक आग लग गई। हवा के साथ आग ने जंगल को अपनी चपेट में ले लिया। जंगल में आग लगने से वन संपदा को काफी नुकसान पहुंचा है। जंगल की आग गांव की ओर बढ़ते देख क्षेत्र के लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग और दमकल टीम को दी। लोहाघाट से एफएसएसओ श्याम बहादुर थापा के दिशा निर्देशन में पहुंची दमकल टीम आग बुझाने में जुटी। करीब चार घंटे से अधिक की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग से बांज, काफल, फल्यांठ आदि प्रजातियोके के छोटे–छोटे पौधे और वन्य जीवों को नुकसान हो गया है।


## चालक ने लौटाया आठ हजार रुपये से भरा पर्स

बागेश्वर। तहसील के पटाक निवासी एक चालक ने ईमानदारी का परिचय देते हुए आठ हजार रुपये से भरा पर्स लौटाया। गुरुवार को डौला का छात्र भराड़ी बाजार आया।

यहां वह बदियाकोट इंटर कॉलेज में कक्षा 12 के छात्रों की विदाई समारोह के लिए सामान खरीदने आया था, लेकिन उसका पैसों से भरा पर्स खो गया। इससे वह निराश व हताश हो गया, लेकिन यह पर्स जीप के चालक प्रकाश दानू को मिला। उन्होंने पुलिस समेत आसपास के लोगों को पर्स मिलने की जानकारी दी। यह बात बदियाकोट के छात्र को भी मिली। वह पूछते–पूछते चालक के पास पहुंचा। छात्र ने रुपयों की सही जानकारी दी।

# मिश्रित खेती अपनाएं किसान

पिथौरागढ। एसबीआई ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) के तत्वावधान में आयोजित 13 दिवसीय कृषि उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को किसान श्री सम्मान से सम्मानित सफल उद्यमी एवं पूर्व सैनिक केशव दत्त मखौलिया के धनौडा स्थित फार्म का प्रक्षेत्र भ्रमण किया । मखौलिया ने 2011 में सूबेदार मेजर रैंक से सेवा निवृत्त होने के बाद बागवानी और कृषि को अपना नैतिक कर्तव्य समझकर जैविक और प्राकृतिक खेती को अपनाया। जिसमें उनके द्वारा एकीकृत फार्मिंग एवं मिश्रित खेती के माध्यम से पाली हाउस, मौन पालन, मुर्गी पालन, डेयरी फार्मिंग, सब्जी उत्पादन, पौध उत्पादन, नर्सरी प्रबंधन, जीवामृत, वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन, बीज शोधन पर शानदार उपलब्धिहासिलकी है। मखौलिया ने प्रशिक्षणार्थियों को अपने अनुभव साझा किए गए तथा एकीकृत फार्मिंग में आने वाली समस्याओं पर नियंत्रण संबंधी जानकारी दी। उन्होंने अपने फार्म



हाउस पर अपने निजी प्रयासों से किसान भाईयों के लिए एक नई पहल किसान पाठ-शाला का भी क्रिान्वयन किया है। जो क्षेत्र के किसान काश्तकारो के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। किसान पाठशाला के माध्यम से जनपद में स्थित समस्त काश्तकारों को कृषि आधारित अपनी समस्याओ को रखने व समस्याओं के समाधान के लिए एक प्लेटफॉर्म तैयार किया गया है। जो आने वाले समय में हमारे किसान काश्तकारों के लिए उपयोगी रहेगा। कहा कि छोटी छोटी जोत में मिश्रित खेती एवं प्राकृतिक खेती के माध्यम से स्वरोजगारी बना जा सकता है।

# टेक्नोलॉजी ने महिला–पुरुषों के बीच की खाई कम की

हल्द्वानी। डीएवी स्कूल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर गोष्ठी, स्लोगन और पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। ह्यडिजिटआल : लैंगिक समानता के लिए नवाचार और प्रौद्योगिकी विषय पर आधारित कार्यक्रम की शुरुआत महिला सशक्तिकरण कविता से की गई। 11वीं की छात्राओं कहा कि डिजिटल संसाधनों और टेक्नोलॉजी ने महिलाओं–पुरुषों के बीच खाई कम की जा रही है। आज लड़कियां भी रोजगार सृजन करने में सक्षम हैं। जसजिया कौर, लक्षिता, कंचन, सौम्या, पूजा और दिया लोहनी ने भी विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए शिक्षिका मुन्नी पंत ने कहा कि इस वर्ष की थीम महिलाओं के प्रति समानता के भाव के साथ साथ सतत विकास के पथ को प्रदर्शित करती है। महिला विकास का तात्पर्य लड़कियों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना है, उनमें शक्ति और संभावनाएं विद्यमान हैं।

## पुलिस ने शराब की 2819 बोतलें नष्ट की

पिथौरागढ़। जनपद के पांच मामलों में पकड़ी गई अवैध शराब का न्यायालय से निस्तारण हो गया है। बरामद हरियाणा मार्का की कुल 2 हजार 819 बोतलें पुलिस ने नष्ट की है।

## एससी के लिए भी आरक्षित की जाए पालिका अध्यक्ष सीट

पिथौरागढ़। पिथौरागढ़ नगरपालिका अध्यक्ष सीट ओबीसी वर्ग के आरक्षित होने की चर्चा के बाद अनुसूचित जाति के लोगों ने भी आवाज उठाई है। गुरुवार को कुमौड़ वार्ड के सभासद नीरज कुमार ने कहा कि नगरपालिका अस्तित्व में आने के बाद कभी यहां अध्यक्ष सीट अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि इस समुदाय के लोगों को हमेशा वोट बैंक के तौर पर ही देखा जाता है। सभासद नीरज ने शासन–प्रशासन से अपील करते हुए कहा कि अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को भी मौका मिलना चाहिए।

# अधिवक्ताओं ने दी चक्का जाम व बाजार बंद की चेतावनी

काशीपुर। 210 एलआर एक्ट की फाइलें एसडीएम कोर्ट वापस भेजने तथा सर्किल रेट कम करने की मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने रजिस्ट्री कार्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन किया। साथ ही तीन दिन के अंदर मांगे पूरी न होने पर चक्का जाम के साथ बाजार बंद करने की चेतावनी दी। गुरुवार को बार एसोसिएशन अध्यक्ष संजय चौधरी के नेतृत्व में अधिवक्ताओं का रजिस्ट्री कार्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन 20 वें दिन भी जारी रहा। बार अध्यक्ष ने कहा कि यदि तीन दिन के अंदर बढ़े हुए सर्किल रेट तथा 210 एलआर एक्ट की फाइलें एसडीएम कोर्ट में वापस नहीं भेजी गई तो वह चक्का जाम करने तथा बाजार बंद करने से भी पीछे नहीं हटेंगे। कहा कि अधिवक्ता 20 दिनों से लगातार तहसील, रजिस्ट्रार ऑफिस तथा एसडीएम कोर्ट के कामों से विरत हैं। उसके बावजूद प्रशासन का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। संचालन सचिव प्रदीप कुमार चौहान ने किया। यहां कोषाध्यक्ष सनत पैगिया, पुस्तकालय अध्यक्ष कैलाश बिष्ट, अवधेश चौबे, प्रदीप सक्सेना, वीरेंद्र चौहान, नीरज खुराना, नरेश खुराना, रोहित, अरोरा, सुनील यादव, सुमित राठी, शादाब खान, पवन कुमार, संजय कुमार, अशोक शर्मा, गौरव राजपूत, अमन राणा रहे।

## भर्ती घोटाले की सीबीआई जांच की मांग को धरना 32वें दिन भी जारी

अल्मोड़ा। भर्ती घोटालों की सीबीआई जांच समेत विभिन्न मांगों को लेकर राष्ट्र नीति संगठन के सदस्यों का अल्मोड़ा के गांधी पार्क में धरना गुरुवार को 32वें दिन भी जारी रहा है। विनोद चन्द्र तिवारी के नेतृत्व में चल रहे आंदोलन को तमाम संगठन समर्थन दे रहे हैं।

# मां से झगड़े के बाद बेटी ने गटका तेजाब

काशीपुर। मां से झगड़े के बाद एक युवती ने तेजाब गटक लिया। वहीं देवर की पिटाई से नाराज महिला ने सल्फास की गोलियां खा लीं। दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों की हालत नाजुक है। ठाकुरद्वारा के ग्राम बोबधवाला निवासी मुन्नू सिंह की पुत्री नीतू का होली के दिन अपनी मां से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया।

इससे नाराज होकर नीतू ने घर में रखा तेजाब पी लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। वहीं, अफजलगढ़ निवासी रीना पत्नी लोकेश से उसके देवर ने बुधवार को मारपीट कर दी। नाराज रीना ने घर में रखी सल्फास की गोलियां खा लीं। नीतू एवं रीना को परिजनों ने गंभीर हालत में एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया। उधर, परिजनों से झगड़े के बाद धर्मपुर निवासी मुकेश पुत्र ब्रहमपाल ने कीटनाशक का सेवन कर लिया।

### किशोर ने चूहे मार दवा खाई

जसपुर। होली के दिन भांग की अधिक पकौड़ी खाने से एक महिला की हालत बिगड़ गई। जसपुर निवासी एक महिला ने होली के रंग के बाद भांग की अधिक पकौड़ी खा लीं।

# काशीपुर में लाठी–डंडों से पीटकर युवक की हत्या

काशीपुर। होली में डीजे पर डांस के दौरान दो गुटों के झगड़े में चचेरे भाई को बचाने पहुंचे एक युवक की कुछ लोगों ने लाठी–डंडों से पीटकर हत्या कर दी। जबकि उसका चचेरा भाई गंभीर घायल हो गया। परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हंगामा काटा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह स्थिति को संभाला। पिता की तहरीर पर पुलिस ने पांच नामजद समेत अन्य के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बुधवार को दिव्या कॉलोनी निवासी नरेश (26) पुत्र चंद्रपाल अपने चचेरे भाई खड़कपुर देवीपुरा निवासी कमल के यहां होली मिलने आया था। पास में ही कुछ युवक डीजे पर डांस कर रहे थे। इसी



दौरान उनका आपस में किसी बात को लेकर विवाद हो गया और मारपीट शुरू हो गई। कमल बीचबचाव करने पहुंचा तो वहां मौजूद लोगों ने लाठी–डंडों व हॉकी से उसे पीटना शुरू कर दिया। इस पर नरेश अपने चचेरे भाई कमल को बचाने पहुंचा तो आरोपियों ने लाठी–डंडों से उस पर भी हमला बोल दिया। हमले में नरेश गंभीर घायल हो गया। उसे सरकारी अस्पताल से हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। मुरादाबाद ले जाते समय रास्ते में नरेश ने दम तोड़ दिया। मौत की सूचना पर परिजन आक्रोशित हो गए और खड़कपुर देवीपुरा मुख्य मार्ग पर हंगामा कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग शुरू कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस से भी परिजनों की नोकझोंक हो गई। हंगामा बढ़ता देख सीओ वंदना वर्मा भी मौके पर पहुंच गईं। उन्होंने किसी तरह परिजनों को शांत किया। वहीं पुलिस ने पिता चंद्रपाल की तहरीर पर खड़कपुर देवीपुरा निवासी महेंद्र, बालकिशन पुत्र रामस्वरूप, विक्की पुत्र सुरेश, कंचन पुत्र गोपाल, विशाल उर्फ विक्की पुत्र ओमप्रकाश व दो–तीन अन्य के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर एक आरोपी महेंद्र को गिरफ्तार कर लिया है।

मृतक के पिता की तहरीर पर पांच नामजद व दो–तीन अन्य के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है। एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी को दबिश दी जा रही है।

## बालिका गृह में मनाया गया महिला दिवस

पिथौरागढ़। सीमान्त क्षेत्र में अंतरास्ट्रीय महिला दिवस कार्ड उज्ज्वला पुनर्वास केन्द्र में मनाया गया।

बालिका गृह में रंगोत्सव के साथ महिलाओं ने इसे बड़े ही धूमधाम से मनाया । 8 मार्च को विश्व महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है। वही, निर्मला पाण्डेय ने कहा ये पर्व महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा और प्रेम प्रकट करते हुए, आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों व कठिनाइयों की सापेक्षता के उपलक्ष्य में उत्सव के तौर पर मनाया जाता है। इस दौरान हेमा कापड़ी, सुनीता चन्द, ममता लूंठी, प्रीती धामी, पूजा वल्दिया मौजूद रही।

# रुद्रपुर में खुली नैनीताल बैंक की 167 वीं शाखा



हल्द्वानी। नैनीताल बैंक ने गंगापुर रोड रुद्रपुर में अपनी नई 167 वीं शाखा खोली। बुधवार को हवन व पूजन के साथ शाखा का उद्घाटन किया गया। बैंक के प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी निखिल मोहन ने उद्घाटन किया। साथ ही उन्होंने ग्राहकों को बैंक की योजनाओं की जानकारी दी। कहा बैंक अपने सौ वर्ष की यात्रा पूरी करने के पश्चात अगले सौ वर्षों की योजना पर काम कर रहा है। कार्यक्रम का संचालन दीपा बिष्ट ने किया। यहां मुख्य परिचालन अधिकारी अरुण अग्रवाल, क्षेत्रीय प्रबंधक उमेश रुवाली, रमन गुप्ता, दीपक बिष्ट, संजय गुप्ता, अंशुल गर्ग, प्रियांशु कौशिक, धर्म चंद खेड़ा, श्याम लाल सुखीजा, अशोक अदलखा आदि रहे।

# पूर्णागिरि में अफसरों से ही लूट–खसोट

चम्पावत। पूर्णागिरि धाम में अफसरों से ही लूट खसोट का मामला सामने आया है। आरोप है कि धाम के व्यापारी प्रत्येक सामग्री में दस रुपए अधिक वसूल कर रहे हैं।

मामले में लोनिवि के जेई ने एसडीएम से शिकायत की है। पूर्णागिरि मेले की तैयारियों के संबंध में निरीक्षण करने गई लोनिवि के जेई तनुजा देव ने एसडीएम सुंदर सिंह को शिकायत करते हुए कहा कि वह बीते दिन विभागीय कार्य के लिए टीम के साथ पूर्णागिरि धाम पहुंची थी।

बताया कि एक व्यापारी से कोल्ड्रिंग मांगी। जिसका प्रिंट दाम 20 रुपये था। लेकिन व्यापारी ने उनसे दस रुपये अधिक यानि 30 रुपए वसूल लिए। बताया कि विरोध करने के बावजूद व्यापारी बहस करने लगा।

जिसके बाद उन्होंने 30 रुपये दिए। इससे पहले भी यहां व्यापारियों पर प्रिंट दाम से अधिक वसूलने के आरोप लगे हैं। कहा कि जब मेले की व्यवस्थाएं देखने वालों से ही इस तरह वसूली की जा रही है तो बाहरी राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं से कितनी लूट खसोट होगी। एसडीएम सुंदर सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। सभी व्यापारियों को रेट लिस्ट चस्पा करने के निर्देश दिए हैं।

## कर्मचारियों का कार्यकाल बढ़ाने की मांग

हल्द्वानी। कोरोना काल में राजकीय मेडिकल कॉलेज और सुशीला तिवारी अस्पताल में रखे गए कर्मचारियों का कार्यकाल 15 मार्च को खत्म हो रहा है। ऐसे कर्मियों ने सरकार से कार्यकाल बढ़ाने की मांग की है। दरअसल, संबंधित कर्मियों को 31 मार्च 2022 को हटा दिया गया था। आंदोलन करने पर 1 अक्तूबर से फिर 6 महीने के लिए तैनाती दी गई थी। अब 15 मार्च को समयावधि पूरी हो रही है। इस मामले में कर्मियों ने सरकार को पत्र भेजा है। यहां जिसान सिद्दिकी, कुमुद बहुगुणा, पारुल, हंसा पांडे, खुशी, दीक्षा, जसवंत, कैलाश, नेहा मेर आदि रहे।

# निजी अस्पताल संचालक व महिला कर्मी गिरफ्तार

काशीपुर। निजी अस्पताल में गर्भवती महिला की मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी अस्पताल संचालक व एक महिला कर्मी को गिरफ्तार किया है। जबकि तीन आरोपी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ पाये।

ग्राम खमरिया निवासी रमेश अपनी गर्भवती पत्नी उम्रा का उपचार कराने तीन मार्च की रात चीनी मिल के समीप प्रेरणा नर्सिंग होम में गया था। आरोप है कि उपचार के दौरान वहां मौजूद नर्सिंग स्टाफ की गलती के कारण चार मार्च की सुबह उसकी पत्नी की मौत हो गई थी। रमेश की तहरीर पर पुलिस ने अस्पताल संचालक हर किशोर सहित अंशुल, शांति, शशि व



मनप्रीत के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था।

मामले की जांच कर रहे एसएस–ाआई विक्रम धामी ने बताया कि पुलिस ने ग्राम नंदपुर नर का टोपा से अस्पताल संचालक हर किशोर और शशि को गिरफ्तार कर लिया। बताया कि अन्य आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। जांच में सामने आया है कि हर किशोर और अंशुल निजी अस्पताल में पार्टनर हैं।

जबकि तीनों महिलाएं अस्पताल में काम करती हैं। जांच में यह भी पता चला है कि किसी के पास कोई डिग्री नहीं है।

# आपदाग्रस्त एलधारा में सुरक्षा निर्माण कार्य शुरू

पिथौरागढ़। धारचूला के लिए खतरे का सबब बन चुके आपदाग्रस्त एलधारा के ट्रीटमेंट को निर्माण कार्य शुरू हो गया है। इससे लोगों ने राहत की सांस ली है। संभावना जताई जा रही है कि आगामी बरसात से पूर्व निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा।

गुरुवार को अरुण कंस्ट्रक्शन कंपनी ने मल्ली बाजार में बड़े बोल्डरों को तोड़ने का कार्य शुरू किया। इस दौरान कार्यदायी संस्था ने बताया कि मल्ली बाजार से लेकर एलधारा तक निर्माण कार्य होना है। मुख्यमंत्री की घोषणा के तहत 20 करोड़ की लागत से उक्त कार्य होना है। निर्माण कार्य होने से स्थानीय लोगों में खुशी है। स्थानीय व आपदा पीड़ित ओपी वर्मा का कहना है कि एलधारा क्षेत्र में अभी भी खतरा बना हुआ है। इससे आगामी मानसून काल में पूरे क्षेत्र को नुकसान हो सकता था।

ऐसे में समय रहते सुरक्षा निर्माण कार्य होना सभी के लिए लाभकारी साबित होगा। बता दें कि बीते 29 जुलाई को एलधारा में भारी भूस्खलन हुआ।

# निकाय चुनावः वार्डवार मतदाता सूची तैयार करने को अधिकारी नियुक्त

हल्द्वानी। स्थानीय निकाय चुनाव को वार्डवार मतदाता सूची तैयार करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल ने अधिकारियों की तैनाती कर दी है। जिसके तहत जिला निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक अधिकारी व नोडल अधिकारी के पदों पर नियुक्ति की गई है।

जिलाधिकारी ने बताया कि नगर निगम, नगर पालिका परिषद व नगर पंचायतों में चुनाव प्रक्रिया को संपन्न कराने के लिए अपर जिलाधिकारी प्रशासन शिवचरण द्विवेदी को जिला निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नामित किया है। वह जिले में समस्त स्थानीय निकायों के लिए आयोग की ओर से निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं नोडल अधिकारी के कार्यों पर निगरानी और समन्वय स्थापित करेंगे। उन्होंने कहा कि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के निर्देशन में सहायक निर्वाचन अधिकारी व नोडल अधिकारी चुनाव में अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के निर्देशन में पर्यवेक्षक, संगणक व चुनावों के कार्यों में लगे कार्मिक काम करेंगे। सहायक निर्वाचक अधिकारी निकायों के लिए समन्वय अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि आयोग के निर्देश के मुताबिक नगर निगम के लिए सहायक नगर आयुक्त व अन्य समस्त निकायों में अधिशासी अधिकारी नोडल अधिकारी होंगे। वह चुनाव के दौरान निकायों के लिए समन्वय अधिकारी के रूप में कार्य करने के साथ ही मतदाता सूची बनाने की व्यवस्थाएं देखेंगे।

## केन्द्रीय राज्यमंत्री अजय भट्ट आज जिले के भ्रमण पर

हल्द्वानी। केंद्रीय पर्यटन एवं रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट आज से जनपद भ्रमण पर हैं। शुक्रवार सुबह 11:10 बजे सिडकुल भीमताल में मैसर्स कुमाऊं ग्लेशियर एक्व कम्पनी का उद्घाटन करेंगे। 12:40 बजे कैंची धाम मन्दिर का भ्रमण करने के इसके बाद 1:10 बजे खैरना पुल और मजेठा वाटर पम्पिंग प्रोजेक्ट का उद्घाटन करेंगे।

अपराह्न 3 बजे से विलेज खैरना में जनसम्पर्क करेंगे, 4 बजे चमरिया, 4:30 बजे काकडीघाट, 4:50 बजे सुयालबाड़ी, 5:10 बजे क्वारब, 5:30 बजे मोना और शाम 6:30 बजे ल्वेशाल में जनसम्पर्क करेंगे। वहीं आईवीआरआई, टीआरसी गेस्ट हाउस मुक्तेश्वर में रात्रि विश्राम करेंगे।

## भिक्षा नहीं, शिक्षा दें अभियान के तहत लोगों को किया जागरुक

अल्मोड़ा। जिलेभर में पुलिस का ऑपरेशन मुक्ति अभियान जारी है। भिक्षा नहीं, शिक्षा दें अभियान के तहत पुलिस ने जिला मुख्यालय में लोगों को जागरुक कर रही है।

गुरुवार को पुलिस की ऑपरेशन मुक्ति टीम ने मुख्यालय के विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाया। लोगों को बच्चों से बाल श्रम न करवाने, भिक्षा न देने आदि के लिए जागरूक किया। टीम ने कहा कि अगर किसी को भी कहीं किसी भी प्रकार से छोटे बच्चे भिक्षा मांगते या बाल श्रम करते हुए दिखें तो इसकी सूचना जल्द पुलिस को दें। सूचना से पुलिस आवश्यक कार्यवाही कर सकेगी। वहीं उन्होंने कहा कि भिक्षा मांगने वाले बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित करें। टीम में एएसआई राजेंद्र प्रसाद, कांस्टेबल सुरेश गिरी, भूपाल सिंह, महिला कांस्टेबल मोनिका जोशी आदि रहे।

# गंदगी के खिलाफ नगर पालिका की कार्रवाई



नैनीताल। शहर के सार्वजनिक स्थलों में गंदगी करने वालों के विरुद्ध नगर पालिका ने अभियान छेड़ दिया है। बीते दिनों चालानी कार्रवाई और चेतावनी के बाद भी जब पालिका टीम को गंदगी पसरी मिली तो टीम ने पांच फड़ जब्त कर लिए। इस दौरान टीम की फड़ कारोबारियों के साथ तनातनी भी देखने को मिली।

### प्रतिबंधित जगह पर खुले थे फड़

गुरुवार को नगर सफाई निरीक्षक कुलदीप कुमार के नेतृत्व में पालिका टीम ने मल्लीताल पंत पार्क में अभियान चलाया। इस दौरान टीम को प्रतिबंधित समय में सुबह से ही फड़ खुले हुए मिले। खाद्य पदार्थों से फड़ो के समीप भारी गंदगी पसरी हुई थी। जिस पर सफाई निरीक्षक ने फड़ स्वामियों को कड़ी फटकार लगाई।

### तत्काल सामान जब्त करने के निर्देश

साथ ही टीम को तत्काल सामान जब्त करने के निर्देश दिए। जिससे कारोबारी भी भड़क उठे और कार्रवाई का विरोध करने लगे। पालिका टीम और फड़ कारोबारियों के बीच जमकर तनातनी हुई। मगर पालिका की कार्रवाई नहीं रुकी।

### टीम ने जब्त किए पांच फड़

टीम ने तत्काल पांच फड़ और सामान जब्त कर स्टोर में रखवा दिया है। साथ ही पंत पार्क और भोटिया मार्केट क्षेत्र में अन्य फड़ रेस्टोरेंट्स वासियों को गंदगी नहीं फैलाने के निर्देश दिए।

कुलदीप कुमार ने बताया कि गोधन सिंह फर्त्याल, दीवान राम, खड़क सिंह, खड़क सिंह रावत, शाहिद खान का सामान और फड़ जब्त किया गया है।

# राफ्टिंग करने उतरे मुख्यमंत्री, बोले राफ्टिंग के क्षेत्र में देश विदेश के नक्शे में आए टनकपुर

### सितंबर माह में होगी नेशनल राफ्टिंग प्रतियोगिता, देश-विदेश के प्रतियोगी करेंगे प्रतिभाग




जयन्त प्रतिनिधि।देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को टनकपुर में टनकपुर-जौलजीबी रोड स्थित चरण मंदिर से बूम तक महाकाली नदी (शारदा नदी) में लगभग 11 किमी. राफ्टिंग की। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकाली नदी एवं टनकपुर क्षेत्र भारत के साथ ही पूरे विश्व के नक्शे में आए इसके लिए राज्य सरकार लगातार कार्यरत है। उन्होंने कहा साहसिक खेल को बढ़ावा देकर हम इस क्षेत्र को एक नई पहचान दिलवाना चाहते हैं। आगामी सितंबर माह में महाकाली नदी में नेशनल राफ्टिंग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिसमें विभिन्न राज्य के प्रतिभागी भाग लेंगे। इस हेतु 50 लाख की धनराशि जारी की गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के नए उत्तराखंड के संकल्प में साहसिक पर्यटन प्राथमिकता है। इसे बढ़ावा देने के लिए राज्य के विभिन्न स्थानों पर कई कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में टनकपुर क्षेत्र को भी राफ्टिंग से जोड़ने के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मां पूर्णागिरि मंदिर में आने वाले श्रद्धालु तीर्थ यात्रा के साथ साहसिक गतिविधियों का भी आनंद लेंगे। इससे स्थानीय लोगों को भी रोजगार मिलेगा। जिससे जिले एवं राज्य की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि पूर्णागिरि मेले में आने वाले श्रद्धालु चंपावत एवं अन्य जिलों के धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों तक पहुंचे उस पर भी कार्य किया जा रहा है। इस दौरान सांसद अजय टम्टा, जिलाधिकारी नरेंद्र भंडारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## एएसपी ने किया थत्यूड़ थाने का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण

नई टिहरी। एएसपी विजेंद्र दत्त डोभाल ने थाना थत्यूड़ का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। जिसमें एएसपी ने थानाध्यक्ष को लंबित विवेचनाओं को त्वरित गति से निपटाने के आदेश देते हुए पुलिस कार्मिकों की समस्याओं का समाधान तय समय सीमा के भीतर करने के निर्देश दिए। गुरुवार एएसपी ने थाना थत्यूड़ में पहुंचकर थाने का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण करते हुए साफ–सफाई, मालखाना, भोजनालय, बैरक, आंगतुक कक्ष, महिला एवं शिशु कल्याण पटल, सीसीटीएनएस कक्ष, सीसीटीवी कैमरों आदि का निरीक्षण कर इन्हें सुचारु रखने के निर्देश दिए। इसके साथ ही महत्वपूर्ण रजिस्टरों, असलाहों व आपदा संबंधी उपकरणों के सम्बंध में कर्मचारियों से जानकारी ली। कर्मचारियों को असलाहों की हैंडलिंग भी करवाई। थाने अभिलेखों को अपडेट रखने के साथ ही माल मुकदमातियों, मुकदमाती वाहनों एवं अन्य मालों का शीघ्रताशीघ्र निस्तारण करने को कहा।

# सीएम ने किया हॉट एयर बैलून एवं पैरा मोटर एडवेंचर एक्टिविटीज का शुभारंभ



**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को टनकपुर पूर्णागिरि भ्रमण के दौरान किरोड़ा नाला, टनकपुर में पूर्णागिरि मेले के दौरान आयोजित हॉट एयर बैलून एवं पैरा मोटर एडवेंचर एक्टिविटीज का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हॉट एयर बैलून एवं पैरामोटर के संबंध में विशेषज्ञों से जानकारी ली। उन्होंने जिला अधिकारी चंपावत को निर्देशित करते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियों को जिले के अन्य जगहों पर भी शुरू किया जाए। उन्होंने कहा जिले के अन्य स्थान जहां भी हॉट एयर बैलून एवं पैरामोटर स्पोर्ट्स को शुरू किया जा सकता है, उन स्थानों को भी चिह्नित कर विकसित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हॉट एयर बैलून एवं पैरामोटर एडवेंचर एक्टिविटीज से क्षेत्र के युवाओं को भी जोड़ा जाए, ताकि अधिक से अधिक युवा साहसिक गतिविधियों से जुड़ सकें और इस क्षेत्र में अपना स्वरोजगार अपना सकें। उन्होंने कहा इससे स्थानीय लोगों को भी अधिक से अधिक रोजगार मिलेगा। इस दौरान स्थानीय महिलाओं आदि ने क्षेत्र में साहसिक गतिविधियों को बढ़ावा देने हेतु मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सांसद अजय टम्टा, अध्यक्ष जिला पंचायत ज्योति राय, भाजपा जिला अध्यक्ष निर्मल महरा, प्रदेश मंत्री भाजपा हेमा जोशी, जिला अधिकारी नरेंद्र भंडारी, पुलिस अधीक्षक अमित श्रीवास्तव एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# जनता दरबार में अधिकारियों के न आने से ग्रामीणों में रोष

नई टिहरी। घनसाली की ग्राम पंचायत लसियाल गांव में जनता दरबार का आयोजन किया गया, लेकिन जनता दरबार में मात्र एक विभाग के ही अधिकारी पहुंचे।

अधिकारियों के न पहुंचने पर ग्रामीणों ने रोष जताते हुये डीएम से अधिकारियों के खिलाफ कार्रवा की मांग की है। सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत न्याय पंचायत खिरबेल के ग्राम पंचायत लसियाल गांव में जनसमस्याओं और शिकायतों के निस्तारण हेतु जनता दरबार का आयोजन किया गया,जिसमें 9 विभागों के अधिकारियों को पहुंचना था, मात्र ग्रामीण निर्माण विभाग की ईई के अलावा किसी अन्य विभाग के अधिकारी जनता दरबार में नहीं पहुंचे। फरियादियों ने ग्रामीण विकास विभाग की ईई के समक्ष छतियारा खवाड़ा मोटर मार्ग का डामरीकरण, वृद्धा, विकलांग पेंशन, जंगली जानवरों से फसलों की सुरक्षा, महंगाई, बेरोजगारी,स्वास्थ्य व्यवस्था सहित क्षेत्र की खस्ताहाल सड़कों की मरम्मत का मामला उठाया।

पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिनेश लाल ने कहा कि जनता दरबार में न पहुंचे वाले अधिकारियों के खिलाफ वह डीएम से शिकायत कर कार्यवाही की मांग करेंगे। मौके पर ग्राम प्रधान प्रधान राकेश सिंह बिष्ट, हुकम सिंह, धनपाल बिष्ट, करण सिंह, सोहन सिंह, उदय सिंह बिष्ट, महिला मंगल दल अध्यक्ष अयोध्या देवी, प्यार सिंह सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## 41 सालों तक प्रधान पद पर राज करने वाले राम सिंह पंवार का निधन

रुद्रप्रयाग। 41 वर्षों तक लगातार प्रधान रहे राम सिंह पंवार का निधन हो गया। गुरुवार को गैड स्थित उनके पैतृक घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। मद्महेश्वर घाटी के गैड निवासी रामसिंह पंवार मनसूना, गैड गडगु, गिरिया, बुरूवा के प्रधान रहे।

हमेशा सामाजिक एवं राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय राम सिंह पंवार 1962 से 2003 तक ग्राम प्रधान रहे।

उनके निधन पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं स्थानीय लोगों ने शोक प्रकट किया। उनके निधन पर भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल, विधायक शैलारानी रावत, पूर्व विधायक मनोज रावत, बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय, जिपंस विनोद राणा, पूर्व उपाध्यक्ष अशोक खत्री, नगर अध्यक्ष विजय राणा, क्षेपंस लक्ष्मण सिंह, पूर्व जिपंस संगीता देवी, प्रधान राजेश्वरी देवी, विक्रम सिंह, रीता पुष्पवान, देवेंद्र पंवार, सरोज भट्ट, कुंती देवी, राजकुमारी देवी, नरेंद्र पंवार, शंकर सिंह, गजेंद्र सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजीव भट्ट, मदन भट्ट, राकेश नेगी, जीवंती देवी, नरोत्तम राणा आदि ने शोक प्रकट किया।

# राज्यपाल ने किया अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव—2023 का शुभारंभ





देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बुधवार को परमार्थ निकेतन द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव–2023 का शुभारंभ कर गंगा आरती में प्रतिभाग किया। इस महोत्सव में 90 से अधिक देशों के 1500 से अधिक योग साधक भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा की यह योगसाधकों का एक अद्भुत समागम है। राज्यपाल ने कहा की सर्वे सन्तु निरामयाः ह्लसब निरोगी हों, इस भावना के साथ पूरी दुनिया में आज योग स्वस्थ जीवन शैली का एक बड़ा जन आन्दोलन बन चुका है। उन्होंने कहा योग हमारी आध्यात्मिक प्रगति का मार्ग है। विश्वगुरू भारत के संकल्प को पूरा करने में योग विद्या का महत्वपूर्ण योगदान होने वाला है। राज्यपाल ने कहा की भारत जी–20 की अध्यक्षता के साथ ह्लवसुधैव कुटुम्बकमह्ल की महान भावना का विस्तार कर रहा है। ह्लएक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्यह्ल का जो संकल्प है उसमें योग एक महान साधन बन रहा है। उन्होंने परमार्थ निकेतन में आये विभिन्न देशों के सभी योग साधकों, शिक्षकों और प्रेरकों स्वागत किया और परमार्थ निकेतन के परमाध्यक्ष स्वामी चिदानंद मुनि को इस भव्य आयोजन के लिए हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर परमार्थ निकेतन की साध्वी भगवती सरस्वती सहित विभिन्न देशों के योग साधक ने इस कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

# वाइस एडमिरल (रि.) अनिल चावला व कैंट बोर्ड के सीईओ अभिनव सिंह ने की राज्यपाल से भेंट



देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से गुरुवार को राजभवन में वाइस एडमिरल (रि.) अनिल चावला व कैंट बोर्ड के सीईओ अभिनव सिंह ने मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल को जल स्वच्छता और स्वच्छता में नवाचार कार्यक्रम ह्यवॉशह्ल (हंड्ड३ी१, रंल्ल्रि३ं३्रङ्मल्ल, ल्ल८ङ्मिल्ली) के सम्बन्ध में अभी तक किये गये कार्यों की जानकारी दी। ह्यह्यवॉशह्लह्ल द्वारा कई अभिनव कार्यक्रमों का संचालन किया गया है और वर्तमान में स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबन्धन के क्षेत्र में उत्तराखण्ड के सहयोगी संस्था के रूप में कार्य किये जाने की प्रक्रिया में है। राज्यपाल ने कहा कि हमें स्वच्छता अभियान को एक जन आंदोलन बनाने की जरूरत है जिसमें सभी हर वर्ग की भागीदारी आवश्यक है। लोगों को जैविक और अजैविक कूड़े के निस्तारण के बारे मे जागरूक करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा ह्यह्यवॉशह्लह्ल के सहयोग से स्वच्छता में नवाचार सेमिनार जल्द ही आयोजित किया जाएगा। इसमें स्वच्छता से संबंधित सभी हितधारकों को बुलाकर नवाचारों के बारे में जानकारी दी जाएगी और उपयुक्त नवाचारों को लागू किया जायगा। राज्यपाल ने कहा कि इसमें सभी एनजीओ और अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं का भी सहयोग लिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि हमारे सामने जल स्वच्छता, प्लास्टिक और ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन चुनौती के रूप में है जिससे सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरण को भी नुकसान हो रहा है। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड को साफ–स्वच्छ रखने के लिए यह प्रोजेक्ट महत्वपूर्ण हो सकता है। उन्होंने कहा कि ह्यह्यवॉशह्लह्ल के सहयोग से शून्य प्लास्टिक, कचरे से धन, स्वच्छता, पानी के पुर्नउपयोग सहित अन्य उत्कृष्ट नवाचारों को लागू किया जाएगा।



# अतिथि शिक्षकों के अन्य विषयों का शासनादेश शीघ्र जारी करने की मांग

ऋषिकेश। प्रशिक्षित बेरोजगार संघ ने अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति के अन्य विषयों के लंबित शासनादेश को शीघ्र जारी करने की मांग की है। चेताया कि प्रदेश सरकार ने मामले में सकारात्मक कार्रवाई नहीं की तो आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। गुरुवार को प्रशिक्षित बेरोजगार संघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी डीपी नौटियाल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत को ज्ञापन प्रेषित किया है। बताया कि राज्य सरकार ने नवंबर 2018 विज्ञप्ति के अनुसार 5 दिसंबर 2022 को अतिथि शिक्षकों के प्रवक्ता संवर्ग के गणित, विज्ञान और अंग्रेजी विषयों के 929 रिक्त पदों का शासनादेश जारी किया था। इन विषयों की प्रथम चरण की काउंसलिंग 10 फरवरी को सभी जनपदों में संपन्न हो गई। द्वितीय चरण के तहत प्रवक्ता संवर्ग के 1371 अवशेष विषयों के रिक्त पदों का शासनादेश भी शीघ्र जारी करने की मांग की है। राज्य सरकार नवंबर 2018 विज्ञप्ति के अनुसार द्वितीय प्रतीक्षा सूची के तहत प्रवक्ता संवर्ग के 1371 अवशेष विषयों के रिक्त पदों का शासनादेश शीघ्र जारी नहीं करती है तो प्रशिक्षित बेरोजगार संघ उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होकर सड़कों पर उतरेगा।

## ई–रिक्शा की टक्कर से हुई मौत में केस दर्ज

विकासनगर। हरबर्टपुर–विकासनगर हाईवे पर ई–रिक्शा की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। रिक्शा चालक मौके पर ई–रिक्शा छोडकर फरार हो गया। पुलिस ने महिला की तहरीर पर आरोपी ई–रिक्शा चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया है।

कमलेश कश्यप निवासी आदर्श विहार वार्ड संख्या छह हरबर्पुर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि हरबर्टपुर विकासनगर मार्गा पर ई–रिक्शा चालक अल्लारक्खा पुत्र शकील निवासी लखनवाला ने गलत साइड से तेज गति व लापरवाही बरतते हुए उसके पति शोभाराम 57 को निवासी हरबर्टपुर को टक्कर मार दी।


**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कॉरपोरेट आइडेन्टिटी संख्या : U40109UP2001SG025867/2358
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा

**शुद्धि पत्र**

विद्युत वितरण खण्ड नैनीडांडा के पत्रांक 77/विविखनै/टी–6 दिं0 04.02.2023 तथा 148 व 149/विविखनै/टी–6 दिं0 04.03.2023 के द्वारा समाचार पत्र अमर उजाला, हिन्दुस्तान व दैनिक जयन्त में दिं0 06.02.2023 व दिं0 05.03.2023 के अंक में प्रकाशित निविदा सूचना में विद्युत वितरण खण्ड कोटद्वार के स्थान पर विद्युत वितरण खण्ड नैनीडांडा समझा या पढ़ा जाये।

अधिशासी अभियन्ता,
वि0वि0 खण्ड, नैनीडांडा
पत्रांक : 150/विविखनै/टी–6 दिनांक : 09.03.2023

विद्युत बिलों के 24x7 आनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें
"राष्ट्र हित में बिजली बचाएं" (Customer Care Toll Free no. 1800 419 0405)



**उत्तर रेलवे**
**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे मुरादाबाद – 244001 द्वारा समरणकर्ताओ से निम्नलिखित मद के लिए इलेक्ट्रोनिक निविदा प्रणाली के अन्तर्गत भंण्डार की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है ।

| क्र० स० | निविदा स0 | माल का विवरण | मात्रा | बयाना राशि | अनुमानित–मूल्य रू. | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 97235031D | XLPE Cables 2 core 16, 1500+1200+2500+300+500+400(**6400**),4 core 355g. 800+1000+400+400+1100+1000+(**4700**),4core 70,700+1250+250+500+300+(**3000**) 4core 120, 600+400+600+200+1000+1600(**4400**), 4 core 255sq. 800+200(**1000**), 2 core 70sq. 400,(**400**) 4 core 95 sq. 755+200(**955**), 1.1 KV 3x70+1x50sq. bunch cable- (**500**), 4 core 240, (**300**) | 21,655 | 107350 | 5367710.00 | 27.03.2023 |

नोटः– पूर्ण विवरण एवं निविदा शर्ते वैब साइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। सभी इच्छुक निविदाकर्ताओ को ई. टेडर मे भाग लेने तथा पंजीकरण कराने के लिए भारत सरकार आई टी अधिनियम 2000 के तहत प्राधिकृत प्रमाणित एजेंसी से क्लास ||| डिजिटल प्रमाण पत्र (यदि पहले से प्राप्त नही किया है) प्राप्त मान्य होगा । मेन्यूल निविदा स्वीकृत नही की जायेगी।

पत्र सं0: 15/वरि0 म0 सा0 प्र0/2022 दिनांक: 06.03.2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 733/23


# मंत्री अग्रवाल ने किया डोईवाला चौक पर शहीद दुर्गा मल्ल की मूर्ति का लोकार्पण और 100 मीटर उंचे राष्ट्रीय ध्वज का अनावरण

ऋषिकेश। शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने डोईवाला चौक पर शहीद दुर्गा मल्ल की मूर्ति का लोकार्पण और 100 मीटर ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज का अनावरण किया है। इस मौके पर शहीद के बलिदान को नमन करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। गुरुवार को शहीद की मूर्ति के लोकार्पण कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि शहीद दुर्गा मल्ल शुरू से ही स्वाभिमानी, मेहनती, और देश समर्पित रहे।

नमक कानून का उल्लंघन करने के लिए महात्मा गांधी द्वारा शुरू किए गए दांडी मार्च से दुर्गामल्ल के हृदय में देशभक्ति की भावना जन्म लेने लगी, जिसने उन्हें स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। वहीं से ही दुर्गामल्ल से महात्मा गांधी के नेतृत्व में भारत की आजादी का स्वप्न देखा था। कहा कि शहीद दुर्गामल्ल गोरखा समाज की दुर्दशा देखकर सदैव चिंतित और बेचैन रहते थे।

वह हरवक्त देश की पराधीनता और दयनीय दशा के प्रति भी अत्यंत चिंतित रहा करते थे। उनकी चिंता ने ही उन्हें 18 वर्ष की आयु में गोरखा राइफल्स की बटालियन में भर्ती करवा दिया। मात्र 31 वर्ष की आयु में शहीद दुर्गा मल्ल ने अपने प्राणों की आहूति दी और अमर हो गए। मौके पर डोईवाला विधायक बृज भूषण गैरोला, नगर पालिका अध्यक्ष सुमित्रा मनवाल, अधिशासी अधिकारी उत्तम सिंह नेगी, गोरखाली सुधार सभा के अध्यक्ष पदम सिंह थापा, अध्यक्ष वीर गोरखा कल्याण समिति कमल थापा, विशाल थापा, सूर्य विक्रम शाही, ईश्वर अग्रवाल, विनय जिंदल, भारत गुप्ता, सभासद ईश्वर रौथाण, मनीष धीमान, बलविंदर सिंह, हिमांशु राणा, नरेश मनवाल, संगीता डोभाल, प्रियंका मनवाल, राजेश भट्ट, संदीप नेगी, प्रदीप नेगी, लक्ष्मी कौशल, रेणु, गौरव मल्होत्रा, गीता खत्री, अब्दुल कादिर आदि मौजूद रहे।

# कटापत्थर व तौली में विधायक चौहान ने पेयजल योजनाओं का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया

विकासनगर। जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत विधायक विकासनगर मुन्ना सिंह चौहान ने कटापत्थर में ग्राम पंचायत तौली मे 1.56 लाख रुपये व कटापत्थर में 170.30 लाख रुपये की पेयजल नलकूप योजनाओं का शिलान्यास किया। विधायक ने जल संस्थान के अधिकारियों को योजनाओं के निर्माण में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने व योजनाओं का निर्माण समय पर पूरा करने के आदेश दिए। जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत विकासखण्ड विकासनगर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत तौली और कटापत्थर में पेयजल हेतु नलकूप योजनाओं का शिलान्यास करते हुए विधायक मुन्नासिंह चौहान ने भूमि पूजन कर योजनाओं का शिलान्याास किया। विधायक चौहान ने कहा कि ग्रामसभा तौली में 156.60 लाख की लागत से पूरी होने वाली इस योजना से बड़कोट, डांडीपुर, भूड़, केला घाटी, धौरा की डांडी, कामयारी गांव, खेड़ा व सुना क्षेत्र में जल संकट को दूर किया जाएगा। विधायक ने कहा कि ग्राम कटापत्थर में 170.30 लाख रूपये की लागत से योजना के निर्माण कार्य की शुरूआत के बाद कटापत्थर लोअर, हरिजन बस्ती, बिंहारी मोहल्ला, कटापत्थर अपर, डांडी वाला गांव, नूरों वाला में पानी की पर्याप्त आपूर्ति करायी जा सकेगी।

## नंदूफार्म में होली मनाने के दौरान दो पक्षों में विवाद, मुकदमा

ऋषिकेश। नंदूफार्म में होली पर्व पर हुड़दंग के दौरान दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। शुरुआत में तू–तू, मैं–मैं हुई, जिसके बाद नौबत मारपीट तक आ गई। झगड़े में छह दोपहिया वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए।

शिकायत पर पुलिस ने एक महिला समेत तीन लोगों को नामजद किया, जबकि कई अज्ञातों को भी पुलिस ने मामले में आरोपी बनाया है।


**उत्तर रेलवे**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

| क्र. सं. | कार्य का नाम एवं लोकेशन | कार्य की अनुमानित लागत (रू.) | कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है | बिड सिक्यूरिटी राशि (रू0) | कार्य के पूर्ण करने की समय अवधि | निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय | वेबसाइट एवम कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 11/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2023:– एमबी डिवीजन पर एलएचबी टीएल कोचों में आई.वी कपलर के लिए सुरक्षात्मक जम्पर सपोर्ट लिंक के निर्माण, आपूर्ति और फिक्सिंग के लिए विद्युत कार्य। | 181720.00 (जीएसटी सहित) | विद्युत शाखा, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद | 3600.00 | 1 महीना | निविदायें दिनांक 31.03.2023 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेंगी। | वेबसाइट www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय/उत्तर रेलवे, मुरादाबाद। |
| 2 | 12/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2023:– एलएचबी टीएल कोचों में एक नंबर अतिरिक्त एमपीसीबी के साथ पंप नियंत्रक को अंडर गियर के ऊपरी गियर में स्थानांतरित करने और अंडर गियर से ऊपरी गियर में मोबाइल चार्जिंग पॉइंट के आरसीबीओ की शिफ्टिंग के लिए विद्युत कार्य। | 1068973.80 (जीएसटी सहित) | | 21400.00 | 2 महीना | | |

निविदा सूचना सं0: 09/2023 दिनांक :– 09.03.2023 745/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

सम्पादकीय

# आंगनबाड़ियों का आधुनिकीकरण

उत्तराखंड की उत्तराखंड की सरकारी प्राइमरी शिक्षा को पटरी पर लाने के लिए यूं तो सरकार प्रयासरत नजर आ रही है, लेकिन ना जाने क्यों प्राइमरी शिक्षा का स्तर लगातार बिगड़ता जा रहा है.यही नहीं हालत ऐसी हो गई है की सरकारी विद्यालयों में प्राथमिक कक्षाओं में विद्यार्थियों के प्रवेश एक बड़ी समस्या बन गया है। हालांकि उत्तराखंड शिक्षा मंत्रालय ने एक और पहल के तहत आंगनवाड़ी केंद्रों को मजबूत बनाने की कोशिश की है जिसके लिए जनपदों को जारी की 623 लाख की धनराशि जारी की जा रही है ताकि आंगनबाड़ी में पढ़ने वाले बच्चों के लिए फर्नीचर्स और आउटडोर प्ले मैटिरियल उपलब्ध कराए जा सके। उत्तराखंड में वर्तमान में 799 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं लेकिन इन में छात्रों की संख्या बेहद कम है या यह कह सकते हैं कि सरकारी बेसिक शिक्षा की तरह आंगनवाड़ी में भी बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा अभिभावकों की पसंदीदा सूची में शामिल नहीं है। उत्तराखंड देश का ऐसा पहला राज्य है जिसने सबसे पहले राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू किया है लेकिन इसके बावजूद भी सरकारी शिक्षा का स्तर सुधार की दिशा में नजर आया हो, ऐसा अभी लगता नहीं है। राज्य सरकार की ओर से केंद्र सरकार को राजकीय विद्यालयों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों को आधुनिक बनाने की दिशा के लिए रोड मैप भेजा गया था, जिसके तहत केंद्र सरकार ने 799 आंगनबाड़ी केंद्रों को खास सुविधाएं देने के लिए अनुदान दिया है। केंद्र से पैसा मिलने के बाद62322 लाख की धनराशि जनपदों को आवंटित कर दी गई है। आंगनवाड़ी केंद्र प्रारंभिक शिक्षा को शुरू करने का उद्देश्य ऐसे बच्चों के लिए था जो अपने घर के पास ही कुछ समय अध्ययन के लिए दे पाए। प्रारंभिक दौर में आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को पढ़ाने के लिए संसाधनों का अभाव था, साथ ही बच्चों को पढ़ाने की तकनीक आधुनिक शिक्षा के स्तर से कहीं निम्न कोटि की साबित हुई थी। आंगनबाड़ी केंद्रों में अभिभावकों की अरुचि के बाद राज्य सरकार थोड़ी सजग हुई और इन केंद्रों को आधुनिक बनाने के लिए केंद्र सरकार से सहायता मांगी गई। सरकार की कोशिश है कि आने वाले दिनों में आंगनबड़ी केंद्रों को प्रारंभिक शिक्षा के उच्च स्तर पर लाया जा सके जिसमें अभिभावक बच्चों को इन केंद्रों में भेजने के लिए उत्साहित हो। हालांकि जिस प्रकार से उत्तराखंड की बेसिक शिक्षा का बुरा हाल एवं गली मोहल्लों में चल रहे अंग्रेजी माध्यम के पब्लिक स्कूलों का वर्चस्व नजर आता है वह सरकारी शिक्षा को लोगों की पसंद से दूर कर रहा है। आंगनबाड़ी केंद्रों में छात्र जुटाना सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती है और इसके लिए आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को बच्चे जुटाने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है, लेकिन जब तक प्राथमिक शिक्षा में सुधार नजर नहीं आएगा तब तक आंगनवाड़ी केंद्र तो दूर, सरकारी विद्यालयों की नियमित प्राथमिक कक्षाओं तक में बच्चों के प्रवेश को लेकर उम्मीद की किरण जगाना काफी चुनौतीपूर्ण है।

# जल संरक्षण और प्राकृतिक खेती के मिलन से मिली उम्मीद



**भारत डोगरा**

अनेक स्तरों पर बढ़ती कठिनाइयों के बीच अनेक गांवों में जल संरक्षण और प्रातिक खेती के मिलन से नई उम्मीद मिल रही है और दो-तीन बीघे मात्र के किसानों के चेहरे पर भी मुस्कुराहट नजर आ रही है।

महोबा जिले के जैतपुर प्रखंड (उत्तर प्रदेश) के कुछ गांवों का उदाहरण लें तो बौरा गांव एक समय जल-संकट से त्रस्त था। बाहरी टैंकर से प्यास बुझती थी। तालाब सिकुड़ जाता था, कुओं का जल-स्तर नीचे चले जाता था, हैंडपंप दो बूंद टपका कर ही हांफने लगते थे। में यहां सृजन और अरुणोदय संस्थाओं के सहयोग से तालाब की सफाई का कार्य हुआ। दशकों से जमा मिट्टी तालाब से निकाली गई। अब तालाब में वष्रा का अधिक जल एकत्र होने लगा। पानी वर्ष भर जमा रहने जगा। इससे पानी का धरती में रिचार्ज हुआ, कुओं का जल-स्तर ऊपर आया। हैंडपंप में पानी पर्याप्त मिलने लगा। मनुष्यों के साथ पशु-पक्षियों को भी पानी ठीक से मिलने लगा। जो बहुत उपजाऊ मिट्टी तालाब से निकाली गई थी, वह किसानों के खेतों में पहुंची तो मिट्टी का उपजाऊपन बढ़ाने में मदद मिली। इस अनुकूल स्थिति में सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रातिक खेती को बढ़ाने का कार्य उत्साह से किया। गोमूत्र, गोबर में कुछ अन्य पोषण तत्वों को मिला कर गांवों में ही खाद तैयार की गई और हानिकारक कीड़ों, बीमारियों को फसलों से दूर रखने के लिए भी नीम की पत्तियों के घोल और गोमूत्र का उपयोग किया गया। इन स्थानीय संसाधनों के आधार पर बाहरी खर्च कम किया गया, जबकि फसलों की गुणवत्ता बहुत बढ़ गई, पोषण में सुधार हुआ, बीमारियों में कमी आई। खेमचंद जैसे कुछ किसान लीड या अग्रणी किसान के रूप में प्रातिक खेती से जुड़े। सब्जियों और फलों का उत्पादन बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया गया जिसमें वैज्ञानिक खेती, बागवानी के नियमों का ध्यान रखा गया।

सियाराम पटेल के नेतृत्व में तालाब प्रबंधन समिति का गठन किया गया ताकि जल-संरक्षण का लाभ स्थायी किया जाए। आगामी वर्षों में किसान अपने खर्च पर ही तालाब की सफाई कर उपजाऊ मिट्टी अपने खेत में पहुंचाने लगे। इन विभिन्न प्रक्रियाओं से गांववासियों में मेलजोल और सहयोग बढ़ा और विरोधी पक्षों ने भी गांव की भलाई के लिए एक-दूसरे से सहयोग किया। इस तरह के प्रयासों में उत्साही किसानों की भूमिका विशेष प्रेरक रही। छीतड़वाड़ा के किसान अरविंद और उनके परिवार की भूमिका भी कुछ ऐसी ही है। अरविंद के पास एक ऐसा खेत था जिसकी उत्पादकता बहुत कम थी जहां पहले यहां क्विंटल से भी कम गेंहू मिलता था। अरविंद ने यहीं से क्विंटल गेंहू का उत्पादन कर दिखाया। सुरताई, छदामी जैसे अन्य किसानों के उत्साहवर्धक जैविक और प्रातिक खेती के प्रयासों से गांव में नई चेतना और उमंग नजर आती है। जिन किसानों ने अभी प्रातिक खेती नहीं अपनाई है, वे भी उसका कुछ प्रयोग थोड़ी सी भूमि पर अवश्य करना चाहते हैं। इस तरह जड़ता और चिंता के स्थान पर किसानों में रचनात्मक और नये प्रयोग करने का माहौल है, जो सुखद है। पर यहां भी शुरुआत जल संरक्षण से ही हो सकी। गांव के तालाब की सफाई और इससे उपलब्ध उपजाऊ मिट्टी ने ही यहां प्रातिक खेती, सब्जी-फल उत्पादन, बाहरी निर्भरता और खर्च कम करने का दौर आरंभ किया। थुरहट गांव में तो यह बदलाव और भी आगे बढ़ा है। यहां रमेश दादा ने प्रातिक खेती प्रसार का केंद्र भी स्थापित किया है, जो अनेक गांवों के लिए आकषर्ण और प्रशिक्षण का स्थान बन रहा है। जो किसान स्वयं पर्याप्त गोबर और गोमूत्र प्राप्त नहीं कर पाते हैं, वे इसे यहां से अपेक्षात बहुत कम कीमत पर प्राप्त कर सकते हैं।

रमेश च्दादाज् का मानना है कि रासायनिक खेती के सामान्य खेती में बदलने के पहले एक-दो वर्ष अधिक कठिन है, उसके बाद उत्पादन में स्थिरता और वृद्धि होती है, पर फसल और उससे प्राप्त खाद्यों की गुणवत्ता तो शीघ्र ही सुधर जाती है। इस आधार पर रमेश को अपनी फसल की सामान्य से दोगुनी कीमत भी प्राप्त हुई। दूसरी ओर, रासायनिक खाद और कीटनाशक दवाएं नहीं खरीदने से खर्च बहुत कम हो गए। इस गांव में भी तालाब की सफाई के बाद जल संरक्षण और प्रातिक खेतों का सुंदर मिलन सामने आया है। दीनदयाल ने जैविक खेती से सब्जियों का उत्पादन भरपूर बढ़ाया तो घनश्याम ने अपने छोटे से खेत से ही दो ट्रक तरबूज के भर दिए। रवि करण के अनुसार यदि तालाब की और सफाई और पानी को कुछ रोकने की व्यवस्था हो जाए तो किसान और तेज प्रगति कर सकेंगे। इन प्रयासों में महिलाएं नजदीकी भागेदारी करती हैं। केश-ाकली, जो चुरियारी गांव (गोरिहार ब्लक) में प्रातिक षि केंद्र का संचालन कर रही हैं, रासायनिक खाद को छोडकर प्रातिक खेती अपना कर पहले वर्ष क्षति के बाद अब बहुत कम खर्च में अच्छा उत्पादन प्राप्त कर रही हैं। बड़े उत्साह से अन्य महिलाओं में प्रातिक षि का प्रसार कर रही हैं और महिला किसानों का इस ओर रुझान भी अधिक है। इस गांव में चंदेल कालीन बड़े तालाब की मिट्टी निकालने से लोगों को बहुत लाभ मिला पर विदेशीय मछलियों को तालाब में बढ़ाने का ठेका हो गया और उसके कारण जो कैमिकल प्रदूषण हुआ उसने गांववासियों को फिर चिंतित कर दिया है। चिंतित बुजुर्ग किसान दिनेश त्रिवेदी बताते हैं कि अनेक समस्याएं दूर हुई तो दूसरी हावी हो गई। प्रदूषित पानी से मनुष्य और पशु बीमार होते हैं। सिंघाड़े की खेती जैसे कार्य नहीं हो सकते। लेकिन हाल की सफलताओं के बाद गांव वालों को विश्वास है कि इस प्रदूषण को भी वे दूर कर सकेंगे। जैसे कि पास के घामरा गांव के लोगों ने सफलतापूर्वक किया। वैसे चुरियारी गांव ने कम समय में प्रातिक खेती की ओर जितने महवपूर्ण कदम उठाए हैं, वह उनसे चर्चा का विषय बन गया है। यहां के अधिकांश किसान प्रातिक खेती की ओर बढ़ रहे हैं। विपिन तिवारी जैसे किसानों के अनुभव बता रहे हैं कि प्रातिक खेती से उत्पादन दो गुना तक बढ़ रहा है जबकि खर्च बहुत कम हो रहा है। इसी गोरिहार ब्लक के खामिनखेड़ा गांव में एक नहीं दो तालाबों की सफाई के कार्य से उत्साह और उम्मीद का माहौल है। चंदेल कालीन बिहारी सागर का ओवरफ्लो देवी तालाब की ओर जाता है-दोनों तालाब परंपरागत जल-संग्रहण के सुंदर उदाहरण हैं। बिहारी सागर में कमल के फूल बहुत खिलते हैं और इनके सौंदर्य के साथ इनकी सुगंध भी दूर-दूर तक पहुंचती है। इन तालाबों में मिट्टी निकालने से गांव में पानी का रिचार्ज तेजी से बढने लगा, पेयजल और सिंचाई तेजी से बढने लगी, पेयजल और सिंचाई, दोनों की स्थिति सुधर गई। तालाब की मिट्टी के उपजाऊपन और गोबर की खादध्गोमूत्र की देन है कि खर्च कम करने और उत्पादन बढ़ाने के लाभ गांववासियों को मिला साथ में सब्जी-फल उत्पादन में अच्छी प्रगति हुई। केदार विकर्मा यहां ऐसे किसान हैं जिनकी जमीन पहले बहुत हद तक बंजर पड़ी थी पर नई स्थितियों में उत्साह से खेती में रुचि लेने लगे हैं, और आज वर्ष में तीन फसलें लेने के साथ अनेक सब्जियों और फलों की ओर भी बढ़ रहे हैं। जल-संरक्षण और प्रातिक खेती के संस्थागत प्रयास ऐसे मडल का रूप ले रहे हैं, जो दूर-दूर के गांवों को भी आकर्षित कर रहे हैं।

**प्रदूषित पानी से मनुष्य और पशु बीमार होते हैं। सिंघाड़े की खेती जैसे कार्य नहीं हो सकते। लेकिन हाल की सफलताओं के बाद गांव वालों को विश्वास है कि इस प्रदूषण को भी वे दूर कर सकेंगे। जैसे कि पास के घामरा गांव के लोगों ने सफलतापूर्वक किया। वैसे चुरियारी गांव ने कम समय में प्रातिक खेती की ओर जितने महवपूर्ण कदम उठाए हैं, वह उनसे चर्चा का विषय बन गया है। यहां के अधिकांश किसान प्रातिक खेती की ओर बढ़ रहे हैं। विपिन तिवारी जैसे किसानों के अनुभव बता रहे हैं कि प्रातिक खेती से उत्पादन दो गुना तक बढ़ रहा है जबकि खर्च बहुत कम हो रहा है। इसी गोरिहार ब्लक के खामिनखेड़ा गांव में एक नहीं दो तालाबों की सफाई के कार्य से उत्साह और उम्मीद का माहौल है।**

# बगीचे को साफ रखने के लिए इस्तेमाल करें ये 5 टिप्स



घर पर एक अच्छा और सुंदर बगीचा बनाए रखना पर्यावरण के लिए काफी अच्छा होता है। इसके साथ ही यह आपके मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी बढिया है। दिनभर की थकान के बाद बगीचे में आराम से बैठकर अपने सुंदर पौधों को फलते-फूलते देखना काफी शानदार दृश्य है, जिससे आप काफी सुकून महसूस करते हैं। आइए आज आपको अपने बगीचे को साफ रखने के लिए पांच गार्डनिंग टिप्स बताते हैं, जिनका पालन आपको जरूर करना चाहिए।

**बगीचे से जंगली घास को निकाल दें**

आमतौर पर बगीचों में जंगली घास हो जाती है, जो कीटों के समान होती है। यह बीज तक पहुंचकर पौधों को खराब कर सकती है, इसलिए अपने बगीचे को अच्छा रखने के लिए सभी खरपतवारों को साफ करना जरूरी है। हालांकि, खरपतवारों को मारने के लिए रसायनों का इस्तेमाल अक्सर मिट्टी को भी प्रभावित कर सकता है। इस वजह से खरपतवारों को हाथ से या फिर कुदाल का इस्तेमाल करके निकालना सबसे अच्छा तरीका है।

**नियमित रूप से घास काटें और पानी दें**

अपने बगीचे को हरा-भरा बनाने और ताजी स्थिति में रखने के लिए घास और पौधों को पानी देना सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण होता है। मौसम के आधार पर पौधों को रोजाना और घास को सप्ताह में दो-चार बार पानी दें। इसके अलावा जब घास पांच-छह सेंटीमीटर ऊंचाई तक बढ़ जाए तो अपने बगीचे की कटाई जरूर करें। नियमित घास काटने से घास भी समय के साथ मजबूत और स्वस्थ हो जाती है।

**गमलों और पत्तियों को रोजाना साफ करें**

यदि आप अपने बगीचे की सुंदरता को बनाए रखना चाहते हैं तो गमलों और पत्तियों पर लगी धूल और मिट्टी को साफ करने की आदत डाल लें। पत्तियों से धूल साफ करने से वे ज्यादा फ्रेश दिखाई देंगी। इस बात का भी ध्यान रखें कि पौधे को अधिक रोशनी मिलती रहे। याद रखें कि पत्तियों को साफ करने के लिए हमेशा एक मुलायम कपड़े का इस्तेमाल करें और गमलों को साफ करके पानी से धो दें।

**सूखी पत्तियों को हटाकर झाडियों की टंटाई करें**

बगीचे को साफ-सुथरा दिखाने के लिए समय-समय पर सूखी और गिरी हुई पत्तियों को हटाना जरूरी होता है। ये गिरी हुई पत्तियां अक्सर बगीचे में सड़ जाती हैं और सतह को फिसलने वाली बना सकती हैं। इन्हें साफ करने के लिए आप बगीचे की झाड़ू का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके अलावा बगीचे के पौधों के अन्य हिस्सों को खराब होने से रोकने के लिए सूखी झाडियों और खराब पत्तियों की कटाई-छंटाई करना भी जरूरी होता है।

**बगीचे के फर्नीचर और सजावट को साफ करें**

बगीचे में मौजूद टेबल, कुर्सियां या लाउंजर जैसे फर्नीचर और सजावट की चीजों में गंद्गी, नमी, फफूंदी और धूल जम जाती है। इसकी वजह से बगीचे बेकार और गंदे दिखने लगते हैं। बगीचे को सुंदर बनाए रखने के लिए हफ्ते में एक बार गीले कपड़े से इनकी सफाई करना जरूरी होता है। इसके अलावा साफ और शुद्ध वातावरण बनाए रखने के लिए टूटे या घिसे-पिटे फर्नीचर की मरम्मत या उसे बदलवाना जरूर याद रखें।

# कारोबारी करार की तलाश


जिस समय जर्मनी गहरे आर्थिक संकट में है, लागत पदार्थों की महंगाई ने उत्पादों को भी महंगा बना दिया है, और अनेक कंपनियां जर्मनी छोड़ कर अपने प्रोजेक्ट अमेरिका ले जा रही हैं, ऐसा लगता है कि जर्मन चांसलर शोल्ज ने भारत से उम्मीद जोड़ी।

यह साफ है कि जर्मनी के चांसलर ओलोफ शोल्ज भारत में सौदों की तलाश में आए थे। इसमें उन्हें कितनी सफलता मिली, इसकी जानकारी तुरंत हासिल नहीं हो सकी है। लेकिन उनकी यात्रा के दौरान यह बात खूब चर्चित रही कि शोल्ज का मकसद अपने रक्षा उद्योग के लिए भारत से करार करना है। खास कर वे जर्मन पनडुब्बी भारत को बेचने के मकसद से आए थे। इस बारे में कोई साफ घोषणा तो नहीं हुई, लेकिन मीडिया में अनुमान लगाए गए कि अगर शोल्ज अपने मिशन में कामयाब रहे, तो जर्मन कंपनियों को सात अरब डलर का कारोबार मिल सकता है। जिस समय जर्मनी गहरे आर्थिक संकट में है, लागत पदार्थों की महंगाई ने उत्पादों को भी महंगा बना दिया है, और अनेक कंपनियां जर्मनी छोड़ कर अपने प्रोजेक्ट अमेरिका ले जा रही हैं, ऐसा लगता है कि शोल्ज ने भारत से उम्मीद जोड़ी। पश्चिमी मीडिया ने चीन विरोधी माहौल बनाने के क्रम में भारत को लेकर एक रूमानी छवि इस समय दुनिया में प्रचारित की हुई है।

ऐसा संकेत दिया गया है कि भारत इतने बड़े बाजार के रूप में उभरेगा कि वह पश्चिमी अर्थव्यवस्था को संभाल लेगा। तो शोल्ज भारत के लिए कुछ प्रस्ताव लेकर आए। इनमें एक यह है कि जर्मनी भारतीय आईटी इंजीनियरों के लिए अपने यहां आना आसान करेगा।

सूचना प्रौद्योगिकी के जानकार कुशल कामगारों के लिए जर्मनी का वीजा पाना और आसान बनाया जाएगा और वे अपने परिवारों को भी ले जा सकेंगे। भारत यात्रा के दूसरे दिन शोल्ज बेंगलुरू में एक कार्यक्रम में शामिल हुए, जहां इस संबंध में घोषणा की। उसके बाद बताया गया कि अब जर्मनी का वीजा पाने के लिए जर्मन भाषा की जानकारी के नियम को आसान किया जा सकता है। जर्मन विशेषज्ञों ने कहा है कि जर्मनी भारत के साथ व्यापार और सामरिक रिश्ते मजबूत करने को उत्सुक है, ताकि उसे जर्मनी पर निर्भरता से मुक्ति मिल सके। फिलहाल, जर्मनी भारत में नौवां सबसे बड़ा निवेशक है। अप्रैल से सितंबर के बीच उसने भारत में करीब अरब डलर का निवेश भारत में किया है।

# खतरा गहराने का संकेत





पुतिन और बाइडेन के संबोधनों से कुछ संकेत पाने के प्रयास में नजर आई। संकेत मिले भी। संकेत यह है कि यूक्रेन युद्ध का समाधान अभी कहीं करीब नहीं है। खतरा बढ़ रहा है।

सोवियत संघ के विघटन के बाद रूस में अमेरिका की तर्ज पर स्टेट अफ द यूनियन संबोधन की शुरुआत की गई थी। लेकिन इस बार राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन के संबोधन पर दुनिया का जितना ध्यान केंद्रित हुआ, वैसा शायद पहले ही कभी हुआ हो। इसकी एक बड़ी वजह तो यह है कि ये संबोधन यूक्रेन युद्ध की पहली बरसी से सिर्फ तीन दिन पहले हुआ, लेकिन इसका एक और कारण इस भाषण के एक दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति की हुई यूक्रेन यात्रा भी रहा। फिर पुतिन के संबोधन के कुछ घंटों बाद ही पोलैंड में बाइडेन का भाषण तय था। तो दुनिया इन दोनों संबोधनों से कुछ संकेत पाने के प्रयास में नजर आई। संकेत मिले भी। संकेत यह है कि यूक्रेन युद्ध का समाधान अभी कहीं करीब नहीं है। अमेरिका के नेतृत्व में पश्चिमी देशों ने रूस से घुटने टेकवाने की पुरानी रणनीति पर आगे बढने का इरादा दिखाया है, तो पुतिन ने भी दो टूक कहा है कि वे रूस का मकसद पूरा होने तक लड़ाई जारी रखेंगे। मस्को में रूसी सांसदों और सेना के बड़े अधिकारियों की सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा- ष्यूक्रेन के लोगों को कीव प्रशासन और उसके पश्चिमी मालिकों का बंधकष बनाया हुआ है। एक तरह से इस देश पर राजनीतिक, सैन्य और आर्थिक कब्जा कर लिया गया है। इसके साथ ही पुतिन ने अमेरिका के साथ रूस की अब बची एकमात्र परमाणु अस्त्र नियंत्रण संधि में अपने देश की भागीदारी सस्पेंड करने की घोषणा की। इसके दो पहले संधियों से अमेरिका डनल्ड ट्रंप के जमाने में हट गया था। तो अब सूरत यह है कि दोनों बड़ी ताकतों के बीच अस्त्र नियंत्रण का कोई समझौता नहीं है। इस स्थिति में एक तीसरा पहलू चीन का है, जिस पर अमेरिका ने आरोप लगाया है कि वह रूस को सैन्य मदद देने की तैयारी में है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदीमीर जेलेन्स्की कह चुके हैं कि अगर चीन ने ऐसा किया, तो दुनिया तीसरे विश्व युद्ध की तरफ बढ़ जाएगी। स्पष्टतरू हालात लगातार खतरनाक दिशा में जा रहे हैं।


**सोवियत संघ के विघटन के बाद रूस में अमेरिका की तर्ज पर स्टेट अफ द यूनियन संबोधन की शुरुआत की गई थी। लेकिन इस बार राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन के संबोधन पर दुनिया का जितना ध्यान केंद्रित हुआ, वैसा शायद पहले ही कभी हुआ हो। इसकी एक बड़ी वजह तो यह है कि ये संबोधन यूक्रेन युद्ध की पहली बरसी से सिर्फ तीन दिन पहले हुआ, लेकिन इसका एक और कारण इस भाषण के एक दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति की हुई यूक्रेन यात्रा भी रहा। फिर पुतिन के संबोधन के कुछ घंटों बाद ही पोलैंड में बाइडेन का भाषण तय था।**

# बहुत पानी बरसता है तो मिट्टी बैठ जाती है' ?

**'न रोया कर बहुत रोने से छाती बैठ जाती है'? 'यही मौसम था जब नंगे बदन छत पर टहलते थे'!'यही मौसम है अब सीधे मे सर्दी बैठ जाती है'??**

**जगदीश सिंह सम्पादक**

वक्त अपनी रफ्ष्तार में निरन्तर गतिमान है।वही तन्हा जहां का मालिक है जिसका कभी झुका नहीं स्वाभिमान है !उसके आगे सभी बौने कुछ नहीं इन्सान है ?। समय ने तो किसी को नहीं बख्शा राजा हो रंक हो या भगवान हो !वहीं रब है ! वही सब है ! वहीं शक्तिमान है ! जो उसको समझ लिया उसको इत्मीनान है !लेकिन जिसने नहीं समझा उसका मिट गया जहांन है।कदम कदम पर जिघ्न्द्गी ले रही इम्तिहान है ?।दहशत की हवा एक बार फिर दस्तक देने लगी है !सर्द मौसम है लेकिन हर आदमी गुमसुम है !वह गुजरा मंजर जब याद आता रुह कांप जाती है !धड़कन बढ जाती है !खुद अपने ही संजाल में फंसकर इन्सान बन गया आत्मघाती है !चीन का सीन बदल गया हर तरफ चीख पुकार है ! करोड़ों लोगों को पकड़ लिया करोना का बुखार है !हालात बेकाबू है ! यही वक्त है साहब इसमें गजब का जादू है ?बड़ी से बड़ी हस्ती को मिट्टी में मिला देता है ! शहंशाह भी फूट फूट कर रोता है ?देश का परिवेश बदलने लगा है !जिसने करीब से देखा करोना वह फिर सोचने लगा कोई नहीं सगा है !हर पहर खतरनाक हो रहा है मंजर ! हर तरफ शुरु हो गई करोना की चर्चा गांव हो या शहर !आ गया करोना !वक्त का बेरहम पंजा इन्सानी बस्तियों के तरफ बढने लगा है। उसकी क्रुरता से बलवान से बलवान भी डरने लगा है।जिघ्न्द्गी तमाम झंझावातों को झेलती हंसती खेलती आस्ते आस्ते मन्जिल के आखरी रास्ते पर बढ़ चली है !बचपन से लेकर बुढ़ापे तक के सफर में करोना जैसा कहर कभी नहीं देखा !मगर आजकल समय का मिजाज बदला हुआ है।खुद को फरिस्ता समझने वालों के लिए खुद की बनाई दुनियां रास नहींआ रही है ! करोना जैसा परजीवी उपहास कर रहा है।साहब वक्त के खेल में हिस्सेदारी सबकी बराबर है ! कभी राणा का जमाना था कभी शहंशाह रहा बाबर है !जरा सोचिए कितना बदल गया जमाना !अब धरातल पर कुछ नही बस हवा हवाई ही सब कुछ है दिखाना है !मौसम दम साधे ठहर ठहर कर चल रहा है ! दिसम्बर का महीना अपने अतीत को इतिहास के पन्नों में दर्ज कराता फिर इस सदी में कभी न आने का कसक लिए महज कुछ दिन का मेहमान बनकर रह गया है।लाखों लाखों लोगों की अकस्मात आखरी बिदाई का गवाह बना बीस सौ बाईस अपनी आखरी नुमाईस में करोना की पैदाईश का तोहफा देते गमों की सौगातो के साथ हमेशा हमेशा के लिए अलविदा कह जायेगा !उम्र की सीमा का एक और पड़ाव गुजर जायेगा !बी सौ तेईस का पदार्पण किस तरह के समर्पण को लिए होगा कहना तो मुश्किल है ! लेकिन एक वर्षीय बेताज बादशाह बनने को बेताब भावी शहंशाह को इकतीस दिसम्बर की बारह बजे रात को ताज पहनाकर जब सारी दुनियां



सो रही होगी चुप चाप सन्यासी की भांति सुदूर पर पर निकल जायेगा बाईस।बस रह जायेगा यादों का तिलस्मी कारवां रह जायेगी उसकी नूमाईस !बदलती दुनियां के रस्मों रिवाज के बीच हर चीज अजूबा होती जा रही है।आज ही के दिन देश की आन बान शान के लिए शहीद होने वाले बबर शेर शहीद ऊधम सिंह का जन्म दिन है ! 26दिस्म्बर 1899को अवतरित हुए ऊधम सिंह 1940मे जालियांवाला बाग हत्याकांड के आरोपी जनरल डायर को लन्दन में जाकर गोलियों से भून दिया था।देश के महान सपूत को श्रद्धा सुमन समर्पित करते हुए उनकी शहादत को याद कर आत्मा कराह उठी है ! मां भारती का लाल आज ही के दिन पैदा होकर दुनियां को बहादुरी का दिखा दिया था कमाल !मगर समय का खेल देखिए आज की युवा पीढ़ी भगत सिंह चन्द्रशेखर आजाद सुभाष चन्द बोस ऊधम सिंह के बलिदान को भूलती जा रही है ! उनको अमिताभ बच्चन का जन्म दिन याद है ! केक काटते हैं ! माधुरी दिक्षित के जन्म दिन पर नाचते है !मगर ऊधम सिंह को नहीं जानते हैं ! गजब साहब आज कहां जा रही है नई जनरेशन ! सब कुछ खत्म हो रहा है ! खत्म हो रहा राष्ट्रभक्ति का ईमोसन !सावधानी के साथ घर से बाहर निकले करोना घात लगाए शिकारी शेर के तरह इन्तजार कर रहा है।सावधानी हटी दुर्घटना घटी ?

## आगामी भीषण गर्मी को लेकर सरकार सतर्क, बिजली मंत्री आर के सिंह ने की समीक्षा बैठक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर भारत के अधिकांश शहरों में मार्च, 2023 के पहले हफ्ते में ही पंखे और एसी के स्विच आन हो गये हैं। यह इस बात का संकेत है कि मार्च माह के अंत तक या अप्रैल माह में बिजली की मांग पिछले वर्षों के मुकाबले काफी बढ़ सकती है। ऐसे में सरकार के स्तर पर भी सतर्कता बढ़ती दिख रही है।

पिछले मंगलवार को बिजली मंत्री आर के सिंह ने देश में बिजली की आपूर्ति, मांग और इससे जुड़े दूसरे हालातों की उच्चस्तरीय समीक्षा की। इसमें ताप बिजली घरों को कोयला की आपूर्ति बढ़ाने, बंद पड़े कुछ गैस आधारित बिजली संयंत्रों को शुरू करने, पनबिजली संयंत्रों को पानी का बेहतर इस्तेमाल कर ज्यादा उत्पादन करने जैसे मुद्दों की समीक्षा की गई है।

बैठक में कोयला मंत्रालय और रेल मंत्रालय के अधिकारी भी उपस्थित थे। इन दोनो मंत्रालयों को कहा गया है कि कोयला आपूर्ति बढ़ाने के साथ ही समय पर संयंत्रों तक कोयला पहुंचाने का काम भी तेज किया जाए। बैठक में आयातित कोयला पर आधारित बिजली संयंत्रों को कहा गया है कि उन्हें हर स्थिति में 16 मार्च, 2023 से पूरी क्षमता से काम करना होगा।

यह निर्देश बिजली अधिनियम की धार-11 के तहत दी गई है। पिछले वर्ष जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कोयले की कीमत काफी ज्यादा थी तो उक्त श्रेणी के संयंत्रों ने उत्पादन सीमित कर दिया था। इससे देश में 10 हजार मेगावाट कम बिजली की आपूर्ति हुई थी। बैठक में ताप बिजली संयंत्रों को निर्देश दिया गया है कि वह अप्रैल माह से पहले ही अपने संयंत्रों के मरम्मत आदि का काम कर लें ताकि जब बिजली की मांग बहुत बढ़ जाए तब वो ज्यादा उत्पादन के लिए तैयार रहें।सरकार के ही आंकड़े बताते हैं कि 08 मार्च, 2023 को कुल 76,24022 मेगावाट क्षमता के ताप बिजली संयंत्र किसी ना किसी वजह से बंद है।

# पंजाब में सीबीआई की रडार पर आप के कुछ बड़े नेता!

## शराब नीति के मामले में हाथ लगे बड़े सुराग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की शराब आबकारी नीति के मामले में सीबीआई और ईडी को कई बड़े सुराग हाथ लगे हैं। इस मामले में चल रही जांच की आंच अब पंजाब के नेताओं तक पहुंचने लगी है। सूत्रों के मुताबिक दोनों बड़ी जांच एजेंसियों के रडार पर पंजाब आम आदमी पार्टी से जुड़े कई बड़े नेता आ चुके हैं। पुख्ता सबूत मिलते ही कुछ और गिरफ्तारियां भी होने का अनुमान लगाया जा रहा है। हालांकि इससे पहले पिछले साल ईडी की पंजाब के कुछ बड़े अधिकारियों पर छापेमारी हो चुकी है। पंजाब के नेताओं ने सीबीआई से मांग की है कि वह दिल्ली एक्साइज पलिसी की जांच को पंजाब तक बढ़ाए।



दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के गिरफ्तारी के बाद से सियासत गरम है। खासतौर से दिल्ली और पंजाब की सियासत में पहले ही आम आदमी पार्टी के बड़े नेताओं की गिरफ्तारी के कयास लगाए जाते रहे थे। जांच एजेंसियों से जुड़े सूत्रों की मानें तो दिल्ली एक्साइज पलिसी और पंजाब की एक्साइज पलिसी में कई बड़े लोग निशाने पर हैं। पंजाब में आम आदमी पार्टी के बड़े सूत्रधारों में शामिल कुछ नेताओं समेत अन्य राज्यों के बड़े नेताओं की कल डिटेल समेत गिरफ्तार किए गए लोगों के बयानों को जब खंगाला गया तो बड़े खुलासे होते चले गए। एजेंसी से जुड़े सूत्रों का कहना है कि जिस तरीके से लगातार दिल्ली एक्साइज पलिसी में गिरफ्तार हुए लोगों से पूछताछ की जा रही है, उससे कई कड़ियां आपस में जुड़ती हुई नजर आ रही हैं। हालांकि जुड़ती हुई कड़ियों में शामिल लोगों की गिरफ्तारी होगी या उनको पूछताछ के लिए समन देकर बुलाया जाएगा इस बारे में जांच एजेंसियों से जुड़े सूत्रों ने फिलहाल कुछ भी बोलने से मना कर दिया।

जांच एजेंसी से जुड़े सूत्रों का कहना है कि इस मामले में पहले से हिरासत में लिए गए लोगों ने मजिस्ट्रेट के सामने कलमबंद बयान दिया है। उन बयानों के मुताबिक दिल्ली और पंजाब के बड़े नेता दिल्ली एक्साइज पलिसी के चपेट में आ रहे हैं। सूत्र तो यह भी बता रहे हैं कि इस मामले में मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी फिलहाल अभी पहली बड़ी गिरफ्तारी ही मानी जा रही है। सूत्रों के मुताबिक जिस तरीके से ईडी लगातार मनीष सिसोदिया से जेल में जाकर पूछताछ कर रही है, उससे जांच एजेंसियों को कुछ बड़ा मिलने का अनुमान लगाया जा रहा है। हालांकि इस मामले में अगली कार्रवाई क्या होगी इसके बारे में कुछ कहने से बड़े अधिकारी अभी बच रहे हैं। लेकिन इस मामले में जांच कर रही एजेंसी से जुड़े सूत्रों का कहना है कि बहुत जल्द ही इस मामले में और बड़ी गिरफ्तारियां भी हो सकती हैं। इसमें पंजाब से जुड़े कुछ नेता भी हो सकते हैं।

इसी मामले में तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी और बीआरएस एमएलसी कविता को प्रवर्तन निदेशालय ने समन भेजा है। ईडी ने कविता को दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े मामले में पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

जांच एजेंसियों से जुड़े सूत्रों का कहना है कि जैसे-जैसे इस पूरे मामले में संदेह की कड़ियां जुड़ती जाएंगी, संबंधित लोगों को जांच के लिए बुलाया जाता रहेगा। जांच एजेंसियों से जुड़े सूत्रों का कहना है कि पंजाब दिल्ली और तेलंगाना ही नहीं बल्कि नेता और बीच बड़े व्यापारी भी इसकी जद में आ रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि पैसे के लेनदेन में जो खुलासे हुए हैं उसी कड़ी के आधार पर मामला न सिर्फ बड़ा बनता दिख रहा है बल्कि कई प्रभावशाली लोगों की संलिप्तता भी इसमें दिख रही है।

पंजाब में दिल्ली एक्साइज पलिसी की तर्ज पर किए जाने वाले बदलाव को लेकर भाजपा समेत दूसरे बड़े नेताओं ने भी हमला बोला है। पंजाब के पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया ने मांग की कि दिल्ली आबकारी नीति घोटाले की सीबीआई जांच पंजाब में भी की जानी चाहिए। उनका आरोप है कि दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शराब नीति मामले में भ्रष्टाचार किए हैं। पंजाब भाजपा और अकाली दल से जुड़े नेता कहते हैं कि यहां की आम आदमी पार्टी सरकार ने सिसोदिया की गिरफ्तारी के तुरंत बाद शराब नीति का अनलाइन फर्म वापस ले लिया और बाद में उसको रद्द कर दिया। पंजाब में भी एक्साइज पलिसी को लेकर विपक्षी दल लगातार आम आदमी पार्टी पर हमलावर है।

वहीं आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सितंबर में ही अपने नेताओं की गिरफ्तारी का अंदेशा जता दिया था। उन्होंने 30 सितंबर को एक ट्वीट कर आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद और पंजाब में आम आदमी पार्टी को बड़ी जीत दिलाने वाले राघव चड्ढा की भी गिरफ्तारी का जिक्र किया था। उन्होंने अपने ट्वीट में इस बात का जिक्र करते हुए कहा था कि चड्ढा की गिरफ्तारी किस केस में होगी और क्या आरोप होंगे इसे लेकर अभी कुछ नहीं पता है। इससे पहले अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी से पहले एक टीवी चौनल के कार्यक्रम में रविवार को होने वाली गिरफ्तारी का पहले ही अंदेशा जता दिया था।

### बिहार: ललन सिंह का केंद्र पर बड़ा हमला

## जमीन के बदले नौकरी मामले में कोई दम नहीं, सीबीआई की कार्रवाई साजिश

**पटना, एजेंसी।** जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा है कि जमीन के बदले रेलवे में नौकरी के मामले में कोई दम नहीं है।इस मामले की सीबीआइ ने दो बार जांच की। पर्याप्त साक्ष्य न मिलने के कारण दोनों बार इस केस को बंद कर दिया गया।



उन्होंने गुरुवार को यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सीबीआइ को इस मामले की याद तब आई, जब राज्य में महागठबंधन की सरकार बनी। मालूम हो कि यह केस ललन सिंह की ही पहल पर दर्ज हुआ था। सिंह ने कहा कि मैं समझता हूं कि इस मामले में लालू प्रसाद या उनके परिवार के किसी अन्य सदस्य के विरुद्ध कोई साक्ष्य नहीं है। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि 2008 में यह मामला आया था। केंद्र में यूपीए की सरकार थी। पहली जांच में कुछ नहीं पाया गया।ममता बनर्जी रेल मंत्री बनीं तो उन्होंने भी मामले की दोबारा जांच का आदेश दिया। दूसरी बार भी कोई साक्ष्य नहीं पाया गया। खुद के अपहरण का नाटक कर पटना जंक्शन से फरार सौरभ सुमन आसनसोल स्टेशन से बरामद।

इसके बाद सीबीआइ के स्तर पर इस केस की फाइल बंद कर दी गई। उन्होंने सवाल किया कि केस 2008 का है। उस समय यूपीए की सरकार थी। लेकिन, 2014 में तो भाजपा की सरकार आ गई थी। केंद्र सरकार ने महागठबंधन की सरकार बनने से पहले यह मामला क्यों नहीं उठाया? नीतीश कुमार महागठबंधन में शामिल हो गए हैं और राजद उनका साथ दे रहा है तो अचानक सीबीआइ को साक्ष्य कहां से मिल गया।

उन्होंने कहा कि यह सब केंद्र सरकार के तीन तोते का कमाल है। केंद्र सरकार अपने विरोधियों का मनोबल तोड़ने के लिए इनका उपयोग कर रही है।

सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार अपने उत्तरादायित्वों के निर्वहन में विफल है। वह विफलताओं से जनता का ध्यान भटकाने के लिए शक्ति का गलत उपयोग कर रही है।

## अब पढ़ाई के साथ नौकरी भी कर सकेंगे भारतीय छात्र, यूएसए ने नई वीजा सेवा का किया ऐलान

**वशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिकी सरकार ने वीजा आवेदनों के लिए प्रीमियम प्रोसेसिंग योजना शुरू की है। इससे अमेरिका आने के इच्टुक अंतरराष्ट्रीय छात्रों को फायदा मिलेगा। विज्ञान, तकनीक, प्रोद्यौगिकी और गणित की पढ़ाई करने अमेरिका जाने वाले भारतीय छात्रों को भी इससे बड़ा फायदा होगा।अमेरिका के यूएस सिटिजनशिप एंड इमिग्रेशन सर्विसेज ने ऐलान किया है कि स्ुजश्वरू के क्षेत्र में ओपीटी करने वाले अंतरराष्ट्रीय छात्रों को इससे फायदा होगा। मतलब अब वह पढ़ाई के साथ ही काम भी कर सकेंगे।यूएससीआईएस के अनुसार, वीजा की प्रीमियम प्रोसेसिंग सेवा छह मार्च से शुरू हो गई है। वहीं कुछ अन्य कैटेगरी के लिए यह सेवा तीन अप्रैल से शुरू होगी। यूएससीआईएस के निदेशक यूआर एम जदाउ का कहना है कि एफ-1 छात्रों को प्रीमियम प्रोसेसिंग के साथ ही अनलाइन फाइलिंग और इमीग्रेशन में भी फायदा दिया जाएगा।

## सतीश कौशिक का निधन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अभिनेता सतीश कौशिक के निधन से मनोरंजन की दुनिया में शोक की लहर है। 66 साल की उम्र में अभिनेता ने आखिरी सांस ली।



मौत से एक दिन पहले उन्होंने होली पार्टी की थी, जिसका आखिरी वीडियो सामने आया है। दरअसल, सतीश ने दिल्ली में एक निजी फार्महाउस पर अपने परिवार के साथ होली की पार्टी की थी। इसके बाद अचानक ही देर रात उनकी तबीयत बिगड़ी और आनन-फानन में उन्हें अस्पताल ले जाया गया। उन्हें बचाने की बहुत कोशिश की गई, लेकिन देर रात उन्होंने दम तोड़ दिया।

सतीश कौशिक के होली वाले दिन का आखिरी वीडियो सामने आया, जिसमें वह परिवार के साथ हर्षोल्लास के साथ होली मनाते नजर आ रहे थे। वीडियो में सतीश सफेद रंग का कुर्ता पायजामा पहने हुए नजर आ रहे थे। इस दौरान उन्होंने अपने साथियों के साथ गाने पर डांस भी किया। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि वह होली की पार्टी में साथियों के साथ जमकर मस्ती कर रहे थे और वह उन्हें अपने अंदाज से हंसाते नजर आए।

इस वीडियो को देखने के बाद फैंस को यकीन नहीं हो रहा है कि सतीश कौशिक अब हमारे बीच नहीं रहे। फैंस लगातार कमेंट कर अपना दुख जता रहे हैं। एक यूजर ने लिखा कि 24 घंटे पहले तो यह ठीक थे। अचानक क्या हो गया। वहीं, एक यूजर ने कमेंट किया कि यह हंसता-खेलता चेहरा हम आखिरी बार देख रहे हैं। कभी सोचा भी नहीं था कि ऐसा भी होगा। वहीं, कुछ फैंस वीडियो को देख कह रहे हैं कि यह तो अच्टे खासे थे। अचानक क्या हो गया।

ैमौत से पहले सतीश कौशिक पूरी तरह से ठीक थे और सोशल मीडिया पर होली की शुभकामनाएं दे रहे थे। साथ ही अपनी तस्वीरें भी फैंस के साथ साझा कर रहे थे। सात मार्च को वह मुंबई के जुहू में शबाना आजमी के घर होली पार्टी में शामिल हुए थे, जिसकी तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर उन्होंने शेयर की थीं। इस दौरान उनके साथ महिमा चौधरी, जावेद अख्तर, ऋचा चड्ढा और अली फजल भी होली पार्टी में शामिल हुए थे। उन्होंने धमाकेदार तरीके से होली मनाई, जिसके बाद अभिनेता दोपहर को मुंबई से दिल्ली के लिए निकल गए। दिल्ली में फार्म हाउस पर होली खेलते हुए उनकी तबीयत बिगड़ गई और वह दुनिया को अलविदा कह गए।

## बिहार को मिले सात नए आइपीएस अफसर

**पटना, एजेंसी।** राज्य को बिहार कैडर के सात नए आइपीएस अधिकारी मिले हैं। इनमें 2020 बैच के तीन और 2021 बैच के चार आइपीएस अधिकारी हैं।

सात में से पांच आइपीएस अधिकारियों के पास इंजीनियरिंग की डिग्री है। इन सभी पदाधिकारियों को 29 सप्ताह का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसके लिए जिले का आवंटन कर दिया गया है।

पुलिस मुख्यालय ने इससे जुड़ा निर्देश जारी कर दिया है। सात नवनियुक्त आइपीएस अधिकारियों में 2020 बैच के शिखर चौधरी को सारण, अपराजिता को भागलपुर और वैभव चौधरी को पूर्वी चंपारण जिला आवंटित किया गया है।

वहीं, 2021 बैच की सोनाक्षी सिंह को पटना, भानु प्रताप सिंह को नालंदा, परिचय कुमार को मुंगेर, जबकि दीक्षा को सीतामढ़ी जिला आवंटित किया गया है।

जिलों में व्यावहारिक प्रशिक्षण के दौरान आइपीएस अधिकारी जिला पुलिस की कार्यप्रणाली की जानकारी लेंगे। इस दौरान वह व्यवहार न्यायालय, लोक अभियोजक एवं जिला पदाधिकारी के कार्यालयों से संबद्ध रहते हुए अन जब ट्रेनिंग प्राप्त करेंगे।

## जेडीयू में विद्रोह का सिलसिला नहीं रोक पाएंगे नीतीश कुमार- सुशील मोदी

**पटना, एजेंसी।** पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने नगालैंड में जदयू के एक मात्र विधायक और पार्टी की राज्य इकाई के भाजपा को समर्थन देने की घोषणा का स्वागत किया है।



उन्होंने कहा कि अब नीतीश कुमार अपनी पार्टी में विद्रोह का सिलसिला रोक नहीं पाएंगे। मोदी ने गुरुवार को बयान जारी कर कहा कि बिहार में पहले उपेंद्र कुशवाहा और फिर पूर्व सांसद मीना सिंह ने तेजस्वी प्रसाद यादव को उत्तराधिकारी घोषित करने और कांग्रेस से समझौता करने के विरुद्ध जदयू से इस्तीफा दिया। यह आग नगालैंड तक पहुंच गई। जदयू ने नगालैंड विधानसभा की आठ सीटों पर चुनाव लड़ा था, लेकिन पार्टी सिर्फ एक सीट जीत पाई और जो जीते, उन्होंने भाजपा को बिना शर्त समर्थन दे दिया। मोदी ने कहा कि नगालैंड चुनाव में जदयू ने करोड़ों रुपये खर्च किए थे। वहां नीतीश कुमार भी सभा करने गए थे, लेकिन पार्टी केवल एक सीट जीत पाई। हताश जदयू ने भले ही अपनी नगालैंड इकाई को भंग कर विधायक को दल से निकाल दिया, लेकिन इससे पार्टी में विद्रोह को दबाया नहीं जा सकेगा। उन्होंने कहा कि नगालैंड चुनाव में पूरी ताकत झोंकने के बाद भी जदयू का वोट प्रतिशत घट गया। पार्टी राष्ट्रीय दल का दर्जा नहीं प्राप्त कर सकी।

मोदी ने कहा कि जो पार्टी राष्ट्रीय और प्रादेशिक स्तर पर अपना अस्तित्व नहीं बचा सकती, उसके नेता राष्ट्रीय राजनीति में विपक्ष को एक कर प्रधानमंत्री बनने का सपना देख रहे हैं। बता दें कि जदयू ने अपनी नगालैंड इकाई को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है। जदयू के उत्तर-पूर्व प्रभारी अफाक अहमद खान ने गुरुवार को इस आशय की जानकारी दी। जदयू के उत्तर-पूर्व प्रभारी ने बताया कि जल्द ही नई कमेटी का गठन किया जाएगा। नगालैंड विधानसभा चुनाव में जदयू के एकमात्र प्रत्याशी की जीत हुई थी।

जदयू विधायक ने पार्टी की अनुमति के बगैर सत्ताधारी एनडीपीपी को अपना समर्थन दे दिया था। इकलौते विधायक रहने की वजह से उनके विरुद्ध कार्रवाई का कोई मामला नहीं बनता था।

इसके तुरंत बाद नगालैंड में जदयू के प्रदेश अध्यक्ष ने सत्ताधारी एनडीपीपी को अपना समर्थन का पत्र दे दिया। इसके बाद जदयू का नेतृत्व सक्रिय हुआ।

यह कहा गया कि प्रदेश इकाई ने बगैर पार्टी नेतृत्व को सूचित किए अपने स्तर से सत्ताधाारी एनडीपीपी के साथ जाने का फैसला ले लिया। यह अनुशासनहीनता की परिधि में है।

इसके बाद पार्टी की नगालैंड इकाई को भंग किए जाने का फैसला लिया। अफाक अहमद खान ने बताया कि जल्द ही नगालैंड की नई इकाई अस्तित्व में आ जाएगी।

उत्तर-पूर्व के राज्यों में यह परंपरा सी बन गई है कि स्थानीय स्तर पर जो दल सत्ता में होता है वह कुछ अन्य दलों को अपनी ओर कर लेता है। जदयू के साथ अरुणाचल व मणिपुर में इस तरह की घटना हो चुकी है।

## मातृ देवो भव: पीएम मोदी के मां के प्रति प्रेम को सभी ने किया सलाम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अपनी मां हीराबा के प्रति सम्मान, समर्पण और संस्कारित आदर्शपूर्ण आचरण पूरे देश के लिए प्रेरणा रहा है। पीएम ने इसी साल की शुरुआत में जब अपनी मां को खोया था, तो देश-दुनिया ने उनके इस अपार दुख के प्रति अपनी सहानुभूति प्रदर्शित की थी।अब हीराबा की याद में समर्पित एक वेबसाइट पर देश की जानी-मानी शख्सियतों के दिल को स्पर्श करने वाले उन्हीं शोक संदेशों को प्रदर्शित किया गया है।



इनमें पक्ष-विपक्ष के नेताओं के साथ राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द, न्यायविद्, सैन्य अफसर, उद्योग और खेल जगत के धुरंधर शामिल हैं। ये सभी शोक संदेश पीएम की सरकारी वेबसाइट की माइक्रोसाइट पर किसी के भी देखने के लिए उपलब्ध हैं।राष्ट्रपति मुर्मु ने अपने पत्र में लिखा है कि पीएम ने मातृ देवो भवरू के संदेश को चरितार्थ करते हुए मां और पुत्र के बंधन की शक्ति को प्रदर्शित किया है। जिन प्रमुख विपक्षी नेताओं ने अपने पत्र भेजे हैं उनमें पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी, कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, सपा प्रमुख अखिलेश यादव, माकपा महासचिव सीताराम येचुरी, एआईडीएमके के समन्वयक ओ पनीरसेल्वम शामिल हैं।

सोनिया ने लिखा है-आप (मोदी) समर्पित पुत्र रहे। इसी तथ्य ने आपको दुख की इस घड़ी को सहने की शक्ति दी होगी। राहुल ने लिखा है कि मुझे कभी हीराबा से मिलने का सौभाग्य नहीं मिला, लेकिन उनकी विनम्रता और उदारता हर कोई देख सकता था।

कई मुख्यमंत्रियों ने भी अपने शोक संदेश भेजे हैं, जिनमें मेघालय, मिजोरम, मणिपुर, सिक्किम, त्रिपुरा के सीएम शामिल हैं।

# भारत के सबसे लंबे व्यक्ति की हैं अपनी अलग परेशानियां

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रति ने हर किसी को एक-दूसरे से अलग बनाया है। ऐसे में हर व्यक्ति की कद-काठी, बुद्धिमता इत्यादि अलग-अलग होती है। व्यक्तियों में जेनेटिक गुण में हुए बदलाव की वजह से कई बार कुछ विशेषताएं देखने को मिलती हैं। इसी वजह से कुछ लोगों की कद-काठी सामान्य लोगों की तुलना में कम होती है, तो कुछ लोगों की बहुत ज्यादा भी हो सकती है।



ऐसे में आज हम आपको भारत के सबसे लंबे व्यक्ति के बारे में जानकारी देने वाले हैं और आपको यह भी बताएंगे कि वो कहां रहता है।

भारत के सबसे लंबे व्यक्ति का नाम धर्मेंद्र प्रताप सिंह हैं और उनकी लंबाई इतनी ज्यादा है कि उनका नाम लिम्का बुक अफ रिकर्ड्स में दर्ज हो चुका है। बता दें कि धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने न सिर्फ भारत में ही, बल्कि विश्वभर में ख्याति बटोरी है, क्योंकि उनका नाम विश्वभर के 10 सबसे लंबे व्यक्तियों की सूची में भी शामिल है। चलिए अब सस्पेंस समाप्त करते हैं और आपको उनकी लंबाई के बारे जानकारी मुहैया करा दें।

उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले से ताल्लुक रखने वाले धर्मेंद्र प्रताप सिंह मुख्यतरू नरहारपुर कसियाही गांव में रहते हैं और उनकी लंबाई 8 फुट 2 इंच है। उनकी पढ़ाई- लिखाई व परवरिश उत्तर प्रदेश में ही हुई है और उनके परिवार में दो बहनें और एक भाई है।

धर्मेंद्र प्रताप सिंह की लंबाई उनके लिए किसी समस्या से कम नहीं है, क्योंकि न तो उन्हें कोई नौकरी मिल रही है और न ही शादी का कोई प्रस्ताव आ रहा है।

हर किसी का तर्क होता है कि लंबाई ज्यादा होने की वजह से वह बिल्डिंग में प्रवेश नहीं कर सकते और अगर प्रवेश कर भी लिया, तो बैठकर काम नहीं कर सकते हैं। ऐसे में उनका निजी जीवन परेशानियों से घिरा हुआ है।


ज्यादा लंबाई होने की वजह से धर्मेंद्र प्रताप सिंह यूं तो आकर्षण का केंद्र बने रहते हैं, लेकिन निजी जीवन में परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है। उन्हें उठने-बैठने से लेकर सोने तक में काफी परेशानी होती है। यही वजह है कि वह जल्दी किसी रिश्तेदार के यहां भी नहीं जाते हैं।

धर्मेंद्र प्रताप सिंह बीते कई सालों से कूल्हे के दर्द से पीड़ित थे।

ऐसे में उन्होंने कुछ समय पहले ही अपना कूल्हे का रिप्लेसमेंट करवाया है। बताया जाता है कि कूल्हे में दर्द होने की वजह से वह अपने रोजमर्रा के कार्यों को भी नहीं कर पा रहे थे, जिसके बाद उन्होंने अहमदाबाद के एक निजी अस्पताल से कूल्हे की रिप्लेसमेंट सर्जरी करवाई।

बीते दिनों उन्होंने उत्तर प्रदेश के एक बड़े राजनीतिक दल को भी ज्वाइन कर लिया है, जिसके बाद वह भारत के सबसे लंबे नेता के रूप में जाने जाते हैं।

# लड़खड़ाती वेस्टइंडीज टीम को मिला जेसन होल्डर का सहारा



नई दिल्ली, साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज के बीच जोहानसबर्ग में दूसरा टेस्ट मैच खेला जा रहा है। गुरुवार को इस मैच का दूसरा दिन था। इस मैच में साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।दूसरे दिन लड़खड़ाती वेस्टइंडीज टीम को पूर्व कप्तान जेसन होल्डर का सहारा मिला। होल्डर ने नाबाद 81 रन की पारी खेली। पहली पारी में वेस्टइंडीज ने 251 रन बनाए। वहीं, दिन का खेल खत्म होने तक साउथ अफ्रीका ने दूसरी पारी में बिना विकेट गंवाए 4 रन बनाए हैं। पहली पारी में साउथ अफ्रीका ने 320 रन बनाए हैं।

**एडम मार्करम ने खेली शानदार पारी**

पहली पारी में साउथ अफ्रीका की बल्लेबाजी की बात करें तो एडम मार्करम ने 96 रन की पारी खेली थी। टोनी डीजॉर्जी ने 85 रन की पारी खेली। वहीं, सलामी बल्लेबाज डीन एल्गर ने 42 रन की पारी खेली। वेस्टइंडीज की ओर से अल्जारी जोसेफ, काइल मेयर्स और गुडाकेश मोती ने 3–3 विकेट झटके।

**वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों ने किया निराश**

वहीं, वेस्टइंडीज की पहली पारी के दौरान जेसन होल्डर ने नाबाद 81 रन की पारी खेली। हालांकि, होल्डर के अलावा किसी बल्लेबाज ने बड़ी पारी नहीं खेली। रॉस्टन चेज ने 26, काइल मेयर्स ने 29 की पारी खेली। साउथ अफ्रीका की ओर से सबसे ज्यादा विकेट जेराल्ड कट्जी ने 3 विकेट झटके। इसके अलावा, कगिसो रबाडा ने भी 2 विकेट झटके।

# स्मृति मंधाना ब्रिगेड को रहेगी पहली जीत की तलाश





मुंबई, महिला प्रीमियर लीग में अब तक अपने तीनों मैच गंवा चुकी रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना शुक्रवार को यूपी वारियर्ज से होगा। विस्फोटक बल्लेबाज एलिसा हीली की कप्तानी में यूपी की नजरें दूसरी जीत दर्ज करने पर होगी, जिसने अपने शुरुआती मुकाबले में गुजरात जायंट्स को रोमांचक मुकाबले में हराया था। वहीं दूसरे मैच में उसे दिल्ली कैपिटल्स के विरुद्ध हार झेलनी पड़ी थी, लेकिन इस मैच में ताहिला मैक्ग्रा की 90 रन की पारी खेली थी। आरबीसी के विरुद्ध भी टीम को मैक्ग्रा से वैसी ही आतिशी पारी की उम्मीद होगी।

**स्मृति मंधाना नहीं बिखेर सकीं अबतक अपना जलवा**

एलिसा हीली और उनकी टीम के लिए खराब दौर से गुजर रही आरसीबी के विरुद्ध जीत दर्ज करना ज्यादा मुश्किल नहीं होगा, लेकिन टी–20 क्रिकेट में कुछ भी कहा नहीं जा सकता। आरसीबी के लिए कप्तान और डब्ल्यूपीएल की सबसे महंगी खिलाड़ी स्मृति मंधाना कुछ खास नहीं कर पाई हैं।

लगातार तीन हार के बाद टीम का मनोबल गिरा हुआ है और ऐसे में यूपी वारियर्ज के विरुद्ध जीत दर्ज करने के लिए सबकुछ झोंकना होगा। क्योंकि एक और हार आरसीबी के लिए आगे की राह बेहद मुश्किल कर सकती है। बता दें कि यह मुकाबला मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेला जाएगा। यह मैच शाम 7.30 बजे से शुरू होगा। इस मैच का प्रसारण स्पोर्ट्स 18 पर होगा।

# बांग्लादेश ने टी 20 वर्ल्ड कप चैंपियन को दी करारी शिकस्त



,नई दिल्ली, बांग्लादेश और इंग्लैंड के बीच तीन टी–20 मैचों की सीरीज खेली जा रही है। गुरुवार को सीरीज का पहला मुकाबला खेला गया। पहले मैच में मेजबान टीम ने टी–20 की विश्व चैंपियन टीम को हरा दिया है। मैच की बात करें बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 156 रन बनाए। इसके जवाब में बांग्लादेश ने 157 रन के लक्ष्य को 18 ओवर में हासिल कर लिया।

**नजमुल हुसैन शान्तो ने खेली शानदार पारी**

बांग्लादेश टीम ने 18 ओवर में 4 विकेट खोकर 158 रन बनाकर मैच में जीत ली। बांग्लादेश की ओर से नजमुल हुसैन शान्तो ने 30 गेंद पर शानदार 51 रन की पारी खेली। इस पारी के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच से नवाजा गया। इसके बाद कप्तान शाकिब अल हसन ने 24 गेंदों पर नाबाद 34 रन की पारी खेली। बता दें कि कप्तान शाकिब अल हसन ने अंतिम ओवरों में महत्वपूर्ण 34 रन बनाए।

**बटलर के अलावा नहीं चले इंग्लैंड के कोई बल्लेबाज**

इंग्लैंड की बल्लेबाजी की बात करें तो फिल साल्ट और कप्तान जोस बटलर ने टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 80 रन की साझेदारी की। साल्ट ने 35 गेंदों पर 38 रन की पारी खेली। वहीं, कप्तान जोस बटलर ने 42 गेंदों पर 67 रन की पारी खेली। हालांकि, बटलर के अलावा इंग्लैंड के कोई भी बल्लेबाज बांग्लादेश के गेंदबाजों के आगे अपना दम खम दिखा में असमर्थ रहे।तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए मलान ने 4 रन बनाए। डकलेट ने 20 रन, सैम करन ने 6 और क्रिस वोक्स महज 1 रन बनाकर आउट हुए। बांग्लादेश की ओर से हसन महमूद ने 4 ओवर में 26 रन देकर 2 विकेट हासिल किए। वहीं. शाकिब, तस्कीन, नासूम, मुस्तफिजुर ने 1–1 विकेट लेने में सफलता हासिल की।

# महेंद्र सिंह धोनी को हुक्का पीना है पसंद

नई दिल्ली, भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की निजी जिंदगी की जानकारियों का जानने के लिए उनके फैंस हमेशा उत्सुक रहते हैं। हालांकि, महेंद्र सिंह धोनी अपना जीवन काफी सादगी के साथ जीना पसंद करते हैं। क्रिकेट की बात करें तो वो हमेशा युवा खिलाड़ियो को प्रोत्साहित करते रहते हैं। फील्ड के अंदर हो या चाहे फील्ड के बाहर वो हमेशा युवा खिलाड़यों के साथ क्रिकेट से जुड़ी जानकारियों को साझा करते हैं। कहा भी जाता है कि धोनी 'यारों के यार हैं।' उनका घर हमेशा देस्तों और युवा खिलाड़ियों के लिए खुला रहता है।

चेन्नई सुपर किंग्स और राइजिंग पुणे सुपरजायंट्स में धोनी की कप्तानी में खेलने वाले जॉर्ज बेली ने एक बार खुलासा किया था कि खिलाड़ियों के लिए एक ओपन–डोर नीति थी। क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से बात करते हुए ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ने खुलासा किया कि धोनी अपने कमरे में हुक्का या शीशा रखते थे। उन्हें हुक्का पीना पसंद है। वो अपने कमरे के दरावाजे हर किसी के लिए खुले रखते थे। आप अगर उनके कमरे में जाएंगे तो अक्सर आपको वहां कई युवा खिलाड़ी मिलेंगे।

**धोनी का हो सकता है यह आखिरी आईपीएल**

बता दें कि बेली ने सीएसके के लिए एक सीजन राइजिंग पुणे सुपरजाइंट्स के लिए खेला था। धोनी ने अगस्त 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट करियर से संन्यास लिया था। उनका आईपीएल करियर भी खत्म होने के करीब है। जानकारी के मुताबिक, आईपीएल के 16वें संस्करण में वो आखिरी बार चेन्नई सुपरकिंग्स की ओर से खेलते हुए नजर आ सकते हैं।

# भारत के खिलाफ शतक जमाकर 13 साल का सूखा खत्म किया



नई दिल्ली, ऑस्ट्रेलिया के ओपनर उस्मान ख्वाजा ने गुरुवार को भारत के खिलाफ बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के चौथे व अंतिम टेस्ट में शतक जमाकर बड़ी उपलब्धि हासिल की। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पहले दिन 246 गेंदों में 15 चौके की मदद से अपना सैकड़ा पूरा किया। यह ख्वाजा के टेस्ट करियर का 14वां जबकि भारत के खिलाफ पहला शतक रहा। उस्मान ख्वाजा भारत में टेस्ट शतक जमाने वाले ऑस्ट्रेलिया के 11वें ओपनर बने। वैसे, ख्वाजा भारत में 2010 से टेस्ट शतक जमाने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई ओपनर बने।


इससे पहले शेन वॉटसन आखिरी ऑस्ट्रेलियाई ओपनर थे, जिन्होंने भारत में टेस्ट शतक जमाया था। 2001 से ध्यान दें तो ख्वाजा भारत में टेस्ट शतक जमाने वाले तीसरे ऑस्ट्रेलियाई ओपनर बने।

**भारतीय गेंदबाजों को किया बेबस**

उस्मान ख्वाजा ने ट्रेविस हेड (32) के साथ पारी की शुरुआत की और भारतीय गेंदबाजों का डटकर मुकाबला किया। ख्वाजा ने क्रीज पर जमने का अपना पूरा समय लिया और कोई खराब शॉट नहीं खेला।

## फिल्मी सफर

# तू झूठी मैं मक्कार की एडवांस बुकिंग शुरू, सोशल मीडिया पर फिर हुई ट्रेंड



रणबीर कपूर बीते कई दिनों से अपनी आने वाली फिल्म तू झूठी मैं मक्कार का प्रमोशन कर रहे हैं। प्रमोशन के दौरान दिए बयानों के कारण वह लगातार चर्चा में हैं। लव रंजन की इस फिल्म में रणबीर के साथ श्रद्धा कपूर मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म 8 मार्च को रिलीज हो रही है। रविवार को फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू कर दी गई है। इसके साथ ही फिल्म एक बार फिर से सोशल मीडिया पर ट्रेंड करने लगी।

रणबीर के प्रशंसकों को तू झूठी मैं मक्कार का लंबे समय से इंतजार था। पिछले साल रणबीर शमशेरा और ब्रह्मास्त्र में नजर आए थे। ऐसे में प्रशंसक उन्हें एक बार फिर से अल्हड़ और रोमांटिक अवतार में देखने का इंतजार कर रहे थे। इन प्रशंसकों को इस फिल्म का खास इंतजार था। रविवार को फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू होते यह सोशल मीडिया पर फिर से छा गई। लव फिल्म्स ने ट्विटर पर एडवांस बुकिंग शुरू होने की खबर दी।खबर आई थी कि फिल्म निर्माता तू झूठी मैं मक्कार को 8 मार्च की जगह 7 मार्च को रिलीज करने पर विचार कर रहे हैं। बाद में निर्माताओं ने इन खबरों का खंडन कर दिया था। तू झूठी मैं मक्कार में डिंपल कपाडिया और अनुभव सिंह बस्सी भी हैं। इसके अलावा जाने–माने निर्माता बोनी कपूर इस फिल्म से अपने अभिनय की शुरुआत करने जा रहे हैं। पर्दे पर पहली बार रणबीर और श्रद्धा की जोड़ी देखने को मिलेगी।

यह रोमांटिक ड्रामा फिल्म है, जिसमें रणबीर और श्रद्धा का किरदार एक–दूसरे से प्यार का नाटक करते हैं, लेकिन उन्हें सच में एक–दूसरे से प्यार हो जाता है। फिल्म का निर्देशन लव रंजन ने किया है। फिल्म स्पेन और मॉरिशस की बेहतरीन लोकेशन्स पर शूट हुई है। फिल्म के कुछ गानें रिलीज हो चुके हैं और पसंद किए जा रहे हैं। फिल्म की झलकियां दर्शकों को रणबीर की तमाशा और ये जवानी है दीवानी जैसी फिल्मों की याद दिलाती हैं।

फिल्म का कई दिनों से प्रमोशन हो रहा है और युवाओं के बीच यह चर्चा में है। पिछले हफ्ते कोई बड़ी हिंदी फिल्म रिलीज नहीं हुई है। इसके बाद की फिल्में भी अब 17 मार्च को रिलीज होनी है। ऐसे में फिल्म से बॉक्स ऑफिस पर टक्कर लेने के लिए कोई प्रमुख फिल्म नहीं है। फिल्म को इस बात का भरपूर फायदा मिल सकता है।

### फाइटर के लिए काम कर रहे ऋतिक रोशन ने वीडियो साझा कर अपने ट्रेनर को कहा धन्यवाद

बॉलीवुड स्टार ऋतिक रोशन ने अपने ट्रेनर के लिए एक नोट के साथ अपने वर्कआउट से एक वीडियो साझा किया है और कहा है कि वह इस समय संतुष्ट और ऊर्जावान महसूस कर रहे हैं। अभिनेता ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया, जहां वह जिम में हाथ की कुछ एक्सरसाइज कर रहे हैं।

उनके ट्रेनर को यह कहते हुए सुना जा सकता है, आपको यह हरि मिल गया। चलो, चलते हैं, ड्राइव करते हैं।ऋतिक ने लिखा, मेरे दोस्त और ट्रेनर क्रिस गेथिन यूएस टॉम में अपने घर वापस जा रहे हैं। हमारे दूसरे चरण को पूरा करने के लिए अभी भी 10 सप्ताह का समय बचा है और 6 महीने की कड़ी मेहनत पहले से ही पीछे है, मैं नहीं कर सकता था।

मैं इस क्षण की तुलना में इस प्रक्रिया से अधिक संतुष्ट, अधिक आवेशित, अधिक प्रेरित हूं। उस प्रक्रिया का मांसपेशियों से बहुत कम और दिल और दिमाग से अधिक लेना–देना है और इसके लिए, मैं आपको क्रिस का धन्यवाद नहीं दे सकता। अपने काम के प्रति ईमानदारी और ज्ञान के लिए धन्यवाद।

# मानुषी छिल्लर आईएएफ पर आधारित फिल्म में करेंगी काम



एक्ट्रेस और पूर्व ब्यूटी चेन मानुषी छिल्लर को सोनी पिक्चर्स इंटरनेशनल प्रोडक्शंस द्वारा भारतीय वायु सेना (आईएएफ) पर आधारित एक तेलुगु–हिंदी एरियल एक्शन ड्रामा में काम करने का ऑफर मिला है। वरुण तेज अभिनीत इस फिल्म में मानुषी एक राडार अधिकारी की भूमिका में नजर आएंगी।अपने रोल के बारे में बात करते हुए मानुषी कहती हैं, मैं सोनी पिक्चर्स इंटरनेशनल प्रोडक्शंस और रेनेसां पिक्चर्स के साथ काम करने और एक्शन फिल्म का हिस्सा बनकर खुश हूं।उन्होंने कहा, मुझ पर विश्वास करने के लिए मैं अपने निर्देशक शक्ति प्रताप सिंह की आभारी हूं, और मैं भारतीय वायु सेना में अधिकारियों के जीवन और यात्रा को जानने के लिए उत्साहित हूं। वरुण तेज के साथ स्क्रीन स्पेस करने की यह एक रोमांचक शुरूआत है।सच्ची घटनाओं से प्रेरित, यह अनटाइटल्ड फिल्म देशभक्ति और मनोरंजन करने वाली फिल्म है। भारत द्वारा अब तक देखे गए सबसे बड़े हवाई हमलों में से एक से लडने़ के दौरान उनके सामने आने वाली चुनौतियों को फिल्म प्रदर्शित करेगी।अनटाइटल्ड फिल्म (वीटी13) का निर्माण सोनी पिक्चर्स इंटरनेशनल प्रोडक्शंस और रेनेसां पिक्चर्स के संदीप मुड्डा द्वारा किया जा रहा है। यह नंदकुमार अब्बिनेनी और गॉड ब्लेस एंटरटेनमेंट द्वारा सह–निर्मित है।शक्ति प्रताप सिंह हाडा अनुभवी विज्ञापन–फिल्म निर्माता, सिनेमैटोग्राफर और वीएफएक्स के प्रशंसक इस फिल्म के साथ अपने निर्देशन की शुरूआत करेंगे।शक्ति प्रताप सिंह हाडा, आमिर खान और सिद्धार्थ राज कुमार द्वारा लिखित, फिल्म को तेलुगु और हिंदी में एक साथ शूट किया जाएगा।

# फोटोज क्लिक करवाते हुए सोफिया ने गिराया साड़ी का पल्लू



सोशल मीडिया सेंसेशन सोफिया अंसारी हमेशा अपनी बोल्ड फोटोज और वीडियोज के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट में रहती हैं। आए दिन अपनी कातिलाना अदाओं से लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। हाल ही में सोफिया ने अपनी लेटेस्ट एथनिक लुक में तस्वीरें शेयर की हैं जिसमें वो बेहद ही दिलकश अदाएं बिखेरती हुई फैंस के बीच कहर बरपा रही हैं। सोफिया अंसारी ने लेटेस्ट तस्वीरों में ब्लैक कलर की साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो कहर बरपा रहीं हैं। सोशल मीडिया पर वो आए दिन अपनी दिलकश अदाओं से लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। हाल ही में इंटरनेट सेंसेशन सोफिया अंसारी ने अपनी पतली कमर फ्लॉन्ट करते हुए बेहद ही हॉट फोटोज क्लिक करवाई हैं। सोफिया जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। हालांकि इन तस्वीरों में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा हैं। उनकी इन तस्वीरों को शेयर हुए कुछ ही घंटे हुए हैं और अब तक 2 लाख से भी ज्यादा लोग लाइक कर चुके हैं।

## श्रद्धा कपूर ने दिया स्त्री 2 को लेकर अपडेट, बताया कैसे हुईं स्त्री के लिए राजी



बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर इन दिनों अपनी फिल्म तू झूठी मैं मक्कार को लेकर सुर्खियों बनी हुई हैं। लव रंजन के निर्देशन में बनी इस फिल्म में वह रणबीर कपूर के साथ पहली बार नजर आने वाली हैं। 8 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली इस फिल्म का श्रद्धा जोर–शोर से प्रमोशन करने में जुटी हुई हैं। अब इस सबके बीच एक्ट्रेस ने अपनी हॉरर कॉमेडी फिल्म स्त्री 2 को लेकर बड़ा अपडेट दिया है।

श्रद्धा अपनी आगामी फिल्म के प्रमोशन के लिए अलग–अलग शहरों में जा रही हैं और इंटरव्यू दे रही हैं। इस दौरान उन्होंने स्त्री का हिस्सा बनने के बारे में कहा, जब स्त्री की कहानी सुनी थी, तो मैं हंसते हुए सोफे से गिर गई थी। मैंने इसे एक दर्शक की तरह सुना और फिर मुझे लगा कि इसका हिस्सा बनना चाहिए। वहीं, स्त्री 2 की शूटिंग के बारे में उन्होंने कहा, उम्मीद है कि बहुत जल्द ही शूटिंग शुरू होगी।

अमर कौशिक के निर्देशन में बनी स्त्री 2018 में रिलीज हुई थी, जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया था। इस फिल्म में राजकुमार राव और श्रद्धा मुख्य भूमिका में नजर आए थे और यह बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई करने में सफल रही थी। फिल्म की सफलता के बाद से ही मेकर्स दूसरे पार्ट की तैयारी कर रहे थे और अब इस पर जल्द काम शुरू हो जाएगा। वहीं, अपडेट मिलने के बाद से फैंस भी एक्साइटेड हो गए हैं। वरुण धवन के साथ एबीसीडी 2 और स्ट्रीट डांसर 3डी जैसी फिल्मों में काम करने के बाद श्रद्धा फिर से अभिनेता के साथ काम करना चाहती हैं। अभिनेत्री मानती हैं कि वे दोनों एक ही हॉरर–कॉमेडी यूनिवर्स का हिस्सा हैं, जिसमें स्त्री बनकर वह वरुण और कृति सैनन की भेड़िया के ठुमकेश्वरी गाने में नजर आई थीं।

उन्होंने कहा, उम्मीद है कि एक ऐसी फिल्म मिलेगी, जिसमें मैं और वरुण फिर से साथ नजर आएंगे।तू झूठी में मक्कार में श्रद्धा और रणबीर पहली बार साथ नजर आने वाले हैं और ऐसे में पर्दे पर दोनों की जोड़ी की फ्रेशनेस को बरकरार रखने के लिए निर्देशक उन्हें प्रमोशन के लिए साथ नहीं ला रहे हैं। निर्देशक के इस फैसले की वजह से अब बड़े पर्दे पर ही दोनों की जोड़ी साथ में नजर आएगी। इस फिल्म में डिंपल कपाडिया, बोनी कपूर, अनुभव सिंह बस्सी, मोनिका चौधरी और हसलीन कौर भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। श्रद्धा के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह पंकज पराशर की फिल्म चालबाज इन लंदन में दिखाई देंगी।

जयन्त

संस्थापक

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

—सम्पादक

नागेन्द्र उनियाल

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com